संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -209 शुक्रवार ,31 मई 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# जम्मू कश्मीर में तीर्थयात्रा के दौरान दर्दनाक बस हादसा

» जम्मू में बस 150 फीट गहरी खाई में गिरी


» 22 की मौत,68 घायल...

» उत्तरप्रदेश-राजस्थान के 90 तीर्थयात्री सवार थे...

» हाथरस से शिव खोड़ी जा रहे थे...

**श्रीनगर,30 मई 2024 (ए)।** जम्मू के अखनूर में गुरुवार दोपहर तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई। 68 लोग घायल हैं। मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। घायलों को जम्मू के अखनूर अस्पताल और जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा जम्मू-पुंछ राजमार्ग पर हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस में उत्तर प्रदेश के हाथरस के अलावा राजस्थान के करीब 90 लोग सवार थे। सभी हाथरस से शिव खोड़ी जा रहे थे। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे की वजह फिलहाल सामने नहीं आई है।
इधर, केंद्र सरकार ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए देने की घोषणा की है। वहीं, घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।







### राष्ट्रपति मुर्मू व प्रधानमंत्री मोदी ने भी दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घटना पर दुख जताया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर लिखा, जम्मू के पास अखनूर में एक बस दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में जानकर दुख हुआ। मृतकों के परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

### 6 महीने पहले भी ऐसा हादसा हुआ था...

15 नवंबर 2023 को जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के अस्सार इलाके में एक बस 300 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। हादसे में 9 महिलाओं समेत 38 लोगों की मौत हुई थी। बस किश्तवाड़ से जम्मू जा रही थी। पुलिस और SDRF की टीमों के साथ स्थानीय लोगों ने भी राहत और बचाव का काम किया था।
बस बुरी तरह डैमेज हो गई थी इसलिए इसे काटकर डेड बॉडी और घायलों को बाहर निकालना पड़ा था। घायलों को किश्तवाड़ जिला अस्पताल और डोडा के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। कुछ लोगों को जम्मू एयरलिफ्ट किया गया था।

## संक्षिप्त खबर




### दुनिया के पहले 3 डी रॉकेट अग्निबाण की सफल लॉन्चिंग

» चेन्नई की निजी स्पेस कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस ने फहराया कामयाबी का झंडा

**नई दिल्ली,30 मई 2024(ए)।** दुनिया के पहले 3डी रॉकेट अग्निबाण की सफल लॉन्चिंग हो गई है। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से इसकी लॉन्चिंग की गई है। चेन्नई की निजी स्पेस कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस ने इस सबऑर्बिटल टेक्नोलॉजिकल डेमॉन्सट्रेटर रॉकेट को तैयार किया है।

### सोना तस्करी में कांग्रेस नेता शशि थरूर के असिस्टेंट गिरफ्तार



**दिल्ली एयरपोर्ट पर कस्टम ने रंगे हाथों पकड़ा**

**नई दिल्ली,30 मई 2024(ए)।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता शशि थरूर के असिस्टेंट शिवकुमार को कस्टम विभाग ने गोल्ड स्मगलिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### 14 दिनों की ईडी रिमांड के बाद जेल भेजे गए झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम



**रांची,30 मई 2024(ए)।** झारखंड के टेंडर कमीशन घोटाले में राज्य सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किए जाने के बाद रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेज दिया गया।ईडी ने उन्हें 15 मई की शाम को गिरफ्तार किया था।जेल भेजे जाने के बावजूद आलमगीर आलम मंत्री पद पर बने हुए हैं। न तो उन्होंने इस्तीफा दिया है, न ही उन्हें मुख्यमंत्री ने उनके पद से हटाया है।

## विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर मोदी के मेडिटेशन प्लान पर ईडी के पास शिकायत लेकर पहुंची कांग्रेस

**नई दिल्ली,30 मई 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान लगाने के कार्यक्रम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताते हुए कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत की और इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 30 मई को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान लगाने जा रहे हैं। उनका यह कार्यक्रम 1 जून को होने वाले अंतिम चरण के मतदान से पहले है, यह आचार संहिता का उल्लंघन है। सिंघवी ने कहा, इस तरह का कार्यक्रम या तो प्रचार करने का तरीका है या फिर अपने-आप को प्रसारित करने का।



**मेडिटेशन का नहीं हो मीडिया में प्रसारणः कांग्रेस**

सिंघवी ने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम को 1 जून के बाद करें या फिर इसका प्रसारण किसी भी मीडिया में न हो। उन्होंने कहा कि चुनाव के 48 घंटे पहले कोई भी नेता प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रचार नहीं कर सकता। सिंघवी ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराने के बाद कहा हमें कोई आपत्ति नहीं है अगर वह ध्यान लगाते हैं या मौन व्रत रखते हैं, लेकिन चुनाव के साइलेंट पीरियड के दौरान इस तरह की गतिविधि नहीं होनी चाहिए।

**साइलेंट पीरियड में नहीं होना चाहिए ऐसा प्रचार**

सिंघवी ने आरोप लगाया कि आखिरी चरण के चुनाव में प्रधानमंत्री खुद भी कैंडिडेट हैं। ऐसे में साइलेंट पीरियड के दौरान इस प्रकार का प्रचार नहीं होना चाहिए। उन्होंने 'बीजेपी फॉर इंडिया' के आधिकारिक हैंडल से चलाए जा रहे कैंपेन का भी मुद्दा उठाया। सिंघवी ने कहा कि इस प्रकार से पीएम मोदी के मेडिटेशन कार्यक्रम के बारे में कैंपेन चलाना गलत है और यह एक कम्युनल प्रचार है।

**ममता बनर्जी, कपिल सिब्बल ने भी जताई आपत्ति**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान लगाने की खबर सामने आने के बाद पूर्व कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री वहां प्रायश्चित करने जा रहे हैं, तो यह अच्छा है क्योंकि जिस इंसान को विवेक का अर्थ ही नहीं पता, वह क्या ध्यान लगाएगा।
वहीं,टीएमसी सुप्रीमो और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि अगर नरेंद्र मोदी के इस ध्यान को टेलीविजन पर दिखाया गया तो उनकी पार्टी इलेक्शन कमीशन में शिकायत दर्ज कराएगी। ममता बनर्जी ने कहा कि ध्यान का टेलिकास्ट करने से आचार संहिता का उल्लंघन होगा।


## भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में ब्लास्ट



» 15 झुलसे, चार गंभीर

**पुरी,30 मई 2024(ए)।** ओडिशा के पुरी में बुधवार देर रात भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने से पंद्रह लोग झुलस गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय सैकड़ों लोग अनुष्ठान देखने के लिए नरेन्द्र पुष्करिणी सरोवर के तट पर एकत्र हुए थे।पुलिस के मुताबिक श्रद्धालुओं का एक समूह इस अवसर पर आतिशबाजी कर रहा रहा था तभी एक चिंगारी पटाखों के ढेर पर गिरी और उसमें धमाका हो गया।जलते हुए पटाखे मौके पर एकत्रित लोगों पर गिरे और उनमें से कुछ लोग खुद को बचाने के लिए जलाशय में कूद गए। एक चिकित्सक ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनमें से चार की हालत गंभीर है।
मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घटना पर दुख व्यक्त किया और संबंधित अधिकारियों को घायलों का उचित उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इलाज का खर्च मुख्यमंत्री राहत कोष से वहन किया जाएगा।

## देश में हुई मानसून की एंट्री



» केरल में हो रही जमकर बारिश

**तिरूचिरापल्ली,30 मई 2024(ए)।** तपती गर्मी के बीजच राहत भरी खबर मिल रही है। देश में मानसून की एंट्री हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार,मानसून केरल में प्रवेश कर चुका और वहां झमाझम बारिश हो रही है। मानसून के आने से अब कई राज्यों को भीषण गर्मी से राहत मिलने वाली है।मौसम विभाग के अनुसार मानसून की एंट्री अनुमान से दो दिन पहले हुई है। आज यानी 30 मई को पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश भागों में मानसून आगे बढ़ गया है। बता दें कि राज्य में मानसून की सामान्य तारीख 1 जून है। हालांकि, इसमें 3-4 दिन आगे या पीछे होना भी सामान्य माना जाता है।मौसम विभाग की मानें तो देश में अल नीनो प्रणाली कमजोर हो रही है और ला नीना स्थितियां सक्रिय हो रही हैं, जो इस साल अच्छे मॉनसून के लिए अनुकूल है. इसी के चलते भारत में मॉनसून ने समय से पहले दस्तक दे दी है। वहीं, ला नीना के साथ-साथ हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) स्थितियां भी इस साल अच्छे मानसून के लिए अनुकूल हो रही हैं, जो मॉनसून के लिए सकारात्मक संकेत हैं।

## जया शेट्टी की हत्या के मामले में छोटा राजन को उम्रकैद की सजा




**मुंबई,30 मई 2024(ए)।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में होटल व्यवसायी जया शेट्टी की हत्या के मामले में गैंगस्टर छोटा राजन को दोषी करार दिया गया है। उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। गुरुवार को मुंबई की विशेष केंद्रीय जांच ब्यूरो कोर्ट में मामले की सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया गया। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने राजन को हत्या के लिए भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया।

## सेना के 16 अधिकारी डकैती मामले में बने आरोपी

» पुलिस ने लिया एक्शन...

**जम्मू,30 मई 2024 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना के 16 अफसरों और जवानों के खिलाफ हत्या के प्रयास और डकैती का मामला दर्ज किया गया है। यह केस जिन सैन्य अफसरों के खिलाफ दर्ज हुआ है, उनमें तीन लेफ्टिनेंट कर्नल भी शामिल हैं। मंगलवार की देर रात कुपवाड़ा पुलिस थाने में हमला बोलने के आरोप में सैनिकों के खिलाफ यह केस दर्ज हुआ है। आरोप है कि टेरिटोरियम आर्मी के एक जवान से पुलिस ने पूछताछ की थी। इससे सेना के लोग भड़क गए और उन्होंने पुलिस थाने पर ही अटैक कर दिया। पुलिस का कहना है कि कथित ड्रग्स केस के आरोप में जवान से पूछताछ हो रही थी। इसका एक वीडियो भी जारी किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सेना के जवान हमले के दौरान वर्दी में थे और हथियारों से लैस थे। उनके साथ कई सीनियर अधिकारी भी थे। टेरिटोरियल आर्मी भारतीय सेना की ही एक विंग है, जिसे रिजर्व फोर्स के तौर पर रखा जाता है। इसमें पार्ट टाइम वॉलंटियर भी शामिल होते हैं, जो सेना को ऑपरेशंस के दौरान मदद करते हैं। पुलिस में दर्ज एफआईआर के मुताबिक लेफ्टिनेंट कर्नल अंकित सूद, राजीव चौहान और निखिल के नेतृत्व में सेना के जवाब पुलिस थाने में घुस आए।
इन लोगों ने वहां मौजूद पुलिसकर्मियों पर हमला करना शुरू कर दिया। अपनी राइफलों से उनकी पिटाई की। इसके अलावा बिना किसी बहस के ही उन्हें लाठी और डंडों से भी जमकर पीटा। आरोप है कि पिटाई के बाद सेना के लोगों ने थाने में मौजूद पुलिस वालों के मोबाइल फोन रख लिए। इसके अलावा एक पुलिसकर्मी को अगवा भी कर लिया। इसके बाद जब वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचना मिली तो वे हरकत में आए और कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने सेना के लोगों के खिलाफ सेक्शन 186, 307 और 332 समेत 5 मामलों में केस दर्ज किया है।



## नोएडा के जीआईपी मॉल में ईडी का बड़ा ऐक्शन



»400 करोड़ घोटाले का केस

**नोएडा,30 मई 2024(ए)।** दिल्ली से सटे नोएडा में स्थित मशहूर जीआईपी मॉल में ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है. ईडी ने नोएडा के जीआईपी मॉल में अमुसमेंट पार्क को ₹400 करोड़ रुपये के घोटाले से जुड़े एक मामले में अटैच किया है। यह मामला मनी लॉड्रिंग से जुड़ा बताया जा रहा है।

## जमानत के लिए कोर्ट पहुंचे केजरीवाल



» 1 जून को होगी अगली सुनवाई...

**नई दिल्ली,30 मई 2024(ए)।** आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जमानत के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस मामले पर आज गुरुवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने केजरीवाल की अंतरिम और नियमित जमानत की याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अब मामले की अगली सुनवाई 1 जून को को दोपहर 2 बजे होगी।

**मनीष सिसोदिया को आज भी कोर्ट से नहीं मिली राहत, फिर इतने दिनों के लिए बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत**

दिल्ली शराब घोटाले के मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री को एक बार फिर से राऊज एवेन्यू कोर्ट ने झटका दिया है। आज यानी 30 मई 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उन्हें राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। इस दौरान हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत को 6 जुलाई तक बढ़ाने का फैसला दे दिया। आपको बता दें कि दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीबीआई को मिली न्यायिक हिरासत खत्म हुई जिसे कोर्ट ने और भी बढ़ा दिया।

## कौन हैं ओडिशा की ये महिला जिनके सामने नतमस्तक हुए पीएम मोदी



**नई दिल्ली,30 मई 2024(ए)।** मन की बात में भी हुआ था जिक्र
लोकसभा चुनाव 2024 अब जल्द ही समाप्त होने वाला है। 1 जून को चुनाव के आखिरी फेज के लिए वोटिंग होगी। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के केंद्रपारा में चुनावी रैली को संबोधित किया था। इस रैली के दौरान एक भावुक पल भी देखने को मिला जब पीएम मोदी केंद्रपारा की एक महिला के आगे नतमस्तक हो गए थे। इस घटना के बाद से ही चर्चा है कि ये महिला कौन हैं? आपको बता दें कि ये महिला केंद्रपारा के कमला मोहराना हैं। वेस्ट से तरह-तरह के अनोखे सामान बनाने के लिए कमला काफी प्रसिद्ध हैं।

संपादकीय

# विधि-सम्मत कार्रवाई होगी

झूठेऔर भ्रामक विज्ञापनों के जरिए आम आदमी को पलोभन देकर पैसा बनाने वाली कंपनियों को स्वप्रमाण-पत्र जारी करना होगा। यह दावा गलत हुआ तो हर्जाना चुकाना होगा। उनके खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई भी होगी।रामदेव की कंपनी पतंजली के भ्रामक विज्ञापन मामले के आलोक में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अमल करने के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यह कदम उठाया है। मंत्रालय द्वारा ऐसी प्रणाली और पोर्टल तैयार किया जा रहा है, जिसमें विज्ञापनदाता स्व-प्रमाणपत्र अपलोड करेगा।केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने इस बाबत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं जिनके तहत कंपनियों को अपने उत्पादों और वस्तुओं की बिक्री बढ़ाने की गरज से भ्रामक विज्ञापनों से बचने की सलाह दी गई है। भ्रामक विज्ञापनों को करने वाली चर्चित हस्तियों को भी इस झूठ में शामिल माना जाएगा।यह व्यवस्था अगले महीने से लागू हो जाएगी। दावा गलत सिद्ध होने पर मुकदमा दायर होगा तथा मुआवजा भी देना होगा। हैरत नहीं होनी चाहिए कि अदालत के कड़े रुख के बाद संबंधित मंत्रालय और व्यवस्था चेत रही है। वरना तो अपने यहां गोरापन बढ़ाने वाली क्रीम तकरीबन 54 सालों से भ्रामक विज्ञापनों के सहारे ही बिकती रही हैं, जिनका सालाना रेवेन्यू 2400 करोड़ रुपये से ज्यादा का बताया जा रहा है।ऐसे ही बच्चों की लंबाई बढ़ाने या हड्डियां मजबूत करने का दावा करने वाले तमाम प्रोडक्ट्स से बाजार अटे पड़े हैं। स्वास्थ्यवर्धक पेयों के मामले में भी कुछ ऐसा ही मंजर है, जिनका बाजार 7500 करोड़ रुपये से ज्यादा का बताया जा रहा है। ताजगी बढ़ाने और भीषण गरमी से राहत देने वाले सॉफ्ट ड्रिंक्स का बाजार 5700 करोड़ रुपये का है, जिनमें शक्कर की मात्रा घातक स्तर तक होने की चेतावनी जब-तब चिकित्सक देते रहते हैं। देश में हर ग्यारहवां शख्स डायबिटीज की चपेट में है।मगर इन सब चीजों का प्रचार जोर-शोर से साल-दर-साल बढ़ता ही जा रहा है। मुनाफा कमाने वाली कंपनियों के खिलाफ कहीं कोई आवाज उठी भी तो तूती की तरह दब जाती है। इसके लिए स्पष्ट तौर पर सरकार और उसके मंत्रालय जिम्मेदार हैं जिन्हें जनता को भ्रामक प्रचार से बचाने के सख्त कदम उठाने थे।इस बात का फायदा उठाते हुए भ्रामक प्रचार और विज्ञापन के बल पर चांदी कूटने वाली कंपनियां बेखटके रहीं। अब हालांकि बहुत देर हो चुकी है। स्व-प्रमाणपत्र जैसी गाल बजाने वाली व्यवस्था देकर पीठ थपथपाने की बजाय गुणवत्ता मानक सख्ती से तय किए जाएं।

## भ्रूण हत्या



नारी मुक्ति की गूंज विश्व पटल पर हर तरफ सुनाई देती है। पर क्या वह स्वयं अपने ही घर में आजाद है। खुद अपनी खुशियों का निर्णय लेने का अधिकार उसे है, यह अभी भी एक ज्वलंत प्रश्न है। आसपास के कटीले झाड़ियों से उसे बार-बार छलनी होना पड़ता है। मन आहत होता है, पर सब की खुशियों तले उसे दबा दिया जाता है। आज गौरी भी इसी कश्मकश में थी। उसे भी आज डॉक्टर के पास भ्रू ण टेस्ट करवाने जाना था, सास और पति के दबाव के चलते वह मन को समझाने का प्रयास कर रही थी। सास को फिर बेटी नहीं चाहिए था।

गौरी की पाँच साल की सुंदर बेटी नेहा थी। बोझिल मनसे गौरी तैयार हुई, पढ़ी-लिखी तो थी पर बहुत सीधी शांत स्वभाव की थी तेज प्रतिकार नहीं कर पा रही थी। पति के पास विरोध तो कर रही थी, पर कोई बात सुनने को तैयार नहीं था। डॉक्टर टेस्ट कर लड़की होना बताया और डेट देकर भ्रूण निकलवाने बुला लिया। गौरी की बेचैनी बढ़ रही थी, वह अपनी बेटी खोना नहीं चाहती थी। उसने हिम्मत कर अपनी सहेली जो एनजीओ चलाती थी फोन कर सारी बात बताई और अपनी बेटी को बचाने गुजारिश करने लगी। उसने उसे आश्वस्त किया, और हिम्मत से काम लेने की सलाह दी। दूसरे दिन एनजीओ महिला मंडल डॉक्टर जो मुख्य बाजार मार्ग में ही था। सभी महिलाओं ने उसका जमकर विरोध किया डॉक्टर को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। गौरी के परिवार वालों को पेपर के माध्यम से पता चला, तो उसकी सास और पति उसके बारे में बोलना ही बंद कर दिए, गौरी सादगी और सरलता से अपनी बच्ची को तो बचा ली और अपनी सहेली की मदद से कई बच्चियों की जिंदगी भी बच गई । पर यह तो एक डॉक्टर का विरोध था, जो गलत का साथ दे रहा था। यही डॉक्टर कभी हमारे लिए फरिश्ता बन जाते हैं और कभी चंद पैसों के लिए अपना जमीर बेच देते हैं। इसका हम सबको मिलकर विरोध करना होगा। कहीं भी कुछ खबर मिले समझदारी और संयम से एक मुहिम के तहत बेटी को बचाने भ्रूण हत्या रोकने में हम सबको अपनी भागीदारी देनी होगी। अगर नारी ही प्रण कर ले कि वो नारी का सम्मान करेगी नारी के हक में आगे आएगी, तो कभी नारी का तिरस्कार नहीं होगा। इसकी शुरुआत हमें अपने घर से ही करनी होगी तभी हर नारी को घर, परिवार, समाज और राष्ट्र में सम्मान मिलेगा।

**संगीता वर्मा**
भिलाई छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# कई घातक बीमारियों का जन्मदाता है धूम्रपान



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

धूम्रपान को लेकर पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों के आधार पर सर्वविदित तथ्य यही है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास किशोरवय बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति काफी चिंताजनक प्रतीत होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद ऐसे व्यक्ति समझना ही नहीं चाहते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है। प्रतिवर्ष विश्वभर में 31 मई को 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करना है, जो दुनियाभर में प्रतिवर्ष लाखों मौतों का कारण बनता है। इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस 'तंबाकू उद्योग के दखल से बच्चों की रक्षा करना' थीम के साथ मनाया जा रहा है ताकि भविष्य की पीढ़ियों की रक्षा की जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि तंबाकू के इस्तेमाल में गिरावट जारी रहे।

धूम्रपान करने वालों द्वारा सालभर में सात हजार करोड़ से ज्यादा सिगरेटें फूंक दी जाती हैं। हर साल फूंकी जाने वाली इन्हीं सिगरेटों के धुएं से वातावरण भी कितना प्रदूषित होता है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि इस खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा,15 टन शीशा,11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। हालांकि



सिगरेटें महंगी होने के कारण भारत में बीड़ी का प्रचलन निम्न तथा मध्यमवर्गीय तबके में ज्यादा है और ऐसा अनुमान है कि देश में प्रतिवर्ष सौ अरब रुपये मूल्य से भी अधिक की बीड़ियों का सेवन किया जाता है। एक सरकारी अध्ययन के मुताबिक तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के इलाज पर सालभर में करीब 1.04 लाख करोड़ रुपये खर्च हो जाते हैं। तीन दशक पूर्व प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है,जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण 2019 में 77 लाख लोगों की मौत हुई, जिनमें से 17 लाख मौतें इस्केमिक हार्ट डिजीज के कारण,16 लाख सीपीओडी के कारण,13 लाख ट्रैकियल, ब्रोंकस और फेफड़ों के कैंसर से तथा 10 लाख स्ट्रोक के कारण हुई। रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।

बहरहाल, धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।

# नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा

इन दिनों प्रकाशित हो रहीं विदेश व्यापार संबंधी नई रिपोटरे में कहा जा रहा है कि 4 जून के बाद गठित होने वाली भारत की नई सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए कि भारत की सेवा निर्यात में दिखाई दे रही ऊंची संभावनाओं को साकार करके बढ़ते विदेश व्यापार घाटे को कम करने की डगर पर आगे बढ़े।सेवा निर्यात बढ़ाकर र्आिटफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) सहित नये डिजिटल कौशल से दक्ष देश की नई पीढ़ी के लिए रोजगार के नये मौके भी तेजी से निर्मित करके नई पीढ़ी को नई मुस्कुराहट दे।गौरतलब है कि कल तक पूरी दुनिया में भारत का सेवा निर्यात तेज रफ्तार से बढ़ रहे चमकीले सेक्टर के रूप में रेखांकित होता रहा है, लेकिन अब भारत के इसी प्रभावी सेवा निर्यात ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सुस्त रफ्तार दिखाई है। सेवा निर्यात की यह रफ्तार पिछले तीन साल में सबसे कम रही है। हाल में वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात 776.68 अरब डॉलर रहा जो वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। ऐसे में गत वित्त वर्ष में सेवा निर्यात 3.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 339.62 अरब डॉलर का रहा जबकि वस्तु निर्यात 3.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा है।निश्चित रूप से बीते कुछ वर्षों में भारत के निर्यात का एक चमकदार पहलू सेवा निर्यात रहा है। भारत ने डिजिटल माध्यम से मुहैया कराई गई सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। डिजिटल माध्यम से सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, र्आिटफिशियल इंटेलिजेंस आदि के लिए दक्ष ऑपरेटर, कुशल प्रोग्रामर और कोडिंग विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेवाएं शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मासिक बुलेटिन में प्रकाशित एक शोध आलेख के मुताबिक, पिछले तीस वर्षो में यानी 1993 से 2022 के बीच भारत का सेवा निर्यात 14 फीसद से अधिक की समेकित सालाना वृद्धि दर से बढ़ा। यह 6.8 फीसद की वैश्विक सेवा निर्यात वृद्धि की तुलना में बेहतर है। परिणामस्वरूप समान अवधि में सेवा निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 0.5 फीसद से बढ़कर 4.3 फीसद पर जा पहुंची। इसी आधार पर भारत दुनिया में सातवां सबसे बड़ा सेवा निर्यातक देश बन गया है, जबकि वर्ष 2001 में सेवा निर्यात के मामले में भारत 24 वें स्थान पर था। खास बात यह भी है कि दूरसंचार,कंप्यूटर और सूचना सेवा निर्यात के क्षेत्र में भारत दुनिया में दूसरे और सांस्कृतिक तथा मनोरंजक सेवा निर्यात के मामले में छठे स्थान पर है।विश्व व्यापार संगठन की एक नई रिपोर्ट के अनुसार यदि केवल डिजिटल माध्यम से जुड़ी हुई सेवाओं के निर्यात के आधार पर मूल्यांकन करें तो इस क्षेत्र में भारत जर्मनी और चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में अमेरिका, ब्रिटेन और आयरलैंड के बाद चौथे क्रम पर आ गया है। निश्चत रूप से भारत सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है।इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि बीते कुछ दशकों से भारतीय अर्थव्यवस्था का अहम पहलू सेवा निर्यात रहा है। इसने न केवल व्यापार घाटे को थामे रखने में मदद की है, बल्कि इनसे देश में रोजगार निर्माण में सहारा दिया है। भारत ने वैश्विक सेवा व्यापार में प्रतिस्पर्धी क्षमता भी प्रदर्शित की है, दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित क्षेत्रों में भारत की लगातार पहचान बढ़ी है। लेकिन अब सेवाओं के निर्यात में कमजोर वृद्धि की मुख्य वजह विकसित अर्थव्यवस्थाओं से मांग नरम रहना है।वित्त वर्ष 2024-25 में भी सेवा निर्यात की हालत कमजोर रहने की आशंका है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था और विशेष तौर पर अमेरिका एवं यूरोप में उच्च ब्याज दरों के कारण मांग में नरमी रहेगी तथा युद्धजनित परिस्थितियों से वैश्विक व्यापार में कमी आएगी। निश्चित रूप से जिस तरह से ईरान-इस्राइल के बीच टकराव और दुनिया में भू-राजनीतिक मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं, उससे कच्चे तेल के दाम के साथ-साथ आपूर्ति संकट बढने की चिंताएं मुंहबाएं खड़ी हैं। इससे भारत के वैश्विक व्यापार और निर्यात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में भारत को सेवा निर्यात बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढना होगा।चूंकि इस समय विकसित अर्थव्यवस्था वाले देश अपने तट के आसपास के देशों में कारोबार पर जोर दे रहे हैं, तो यह भारतीय निर्यातकों के लिए भी चुनौती है। लेकिन यह बात ध्यान में रखनी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में लगातार प्रतिस्पर्धा भी बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से डिजिटल सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करना होंगे। अब हमें सॉफ्टवेयर निर्यात के लिए अमेरिकी बाजार पर निर्भरता कम करके आउटसोर्सिंग की संभावनाओं वाले अन्य देशों में भी कदम बढ़ाने होंगे। खास तौर से आउटसोर्सिंग की नई संभावनाएं उत्तरी यूरोप, पूर्वी एवं मध्य यूरोप के देशों, कनाडा, जापान, दक्षिण कोरिया और पूर्वी एशियाई देशों, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका जैसे देशों में और बढ़ गई हैं। हम उम्मीद करें कि 4 जून के बाद गठित होने वाली देश की नई सरकार देश की नई पीढ़ी को आईटी की नये दौर की शिक्षा देने के लिए समुचित निवेश की व्यवस्था को उच्च प्राथमिकता देते हुए दिखाई देगी। हमें नये दौर की तकनीकी जरूरतों और इंडस्ट्री की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण से नई पीढ़ी को सुसज्जित करना होगा। शोध, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मापदंडों पर आगे बढना होगा। र्आिटफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, पायथन वर्चुअल रियल्टी, रोबोटिक प्रोसेस, ऑटोमेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डाटा एनालिसिस, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवाओं को कुशल बनाना होगा। निश्चित रूप से ऐसे बहुआयामी प्रयासों से देश में सेवा निर्यात की सुस्त होती रफ्तार को बढ़ाया जा सकेगा और सेवा निर्यात की अधिक आय से विदेश व्यापार के घाटे में कमी लाई जा सकेगी।

**-डॉ. जयंतीलाल भंडारी-**

# हीटवेव के चलते सियासी पारे के साथ ही बढ़ता मौसमी पारा

**''इस समय हीटवेव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त होने के साथ ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं... असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है...''**



लोकसभा चुनावों के मतदान के चरण जिस तरह से एक के बाद एक पूरे होते जा रहे हैं और सियासी पारा चढ़ता जा रहा हैं उसी तरह से मतदान का अंतिम चरण आने से पहले ही उत्तर, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के तापमान में भी दिन प्रतिदिन तेजी आती जा रही है। एक और जहां समग्र मतदान प्रतिशत 2019 के स्तर पर नहीं आ पा रहा हैं वहीं सूर्यदेव को लगता हैं स्वयं से ही तापमान बढ़ाने की हौड़ चल रही हैं। 29 मई को देश की राजधानी दिल्ली का पारा 52 के आंकड़ें को छू गया, हो सकता है इसको लेकर कोई मत भिन्नता हो पर इसमें कोई दो राय नहीं कि दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपात्काल है। हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित करके रख दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। कहीं कहीं सड़कों पर पानी छिड़कने या लोगों को घर या कार्यस्थल से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जाती रही है। लू से बचाव के उपायों खासतौर से खाली पेट नहीं रहने और तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है। 1850 के बाद 2023 का साल सबसे गर्म साल रहा है पर जिस तरह से तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ते हुए जन जीवन को प्रभावित कर रहा है उससे साफ हो जाता है कि 1850 के बाद 2023 नहीं बल्कि अब तो 2024 सबसे गर्म साल रहने वाला है। समूचा उत्तरी, पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत हीटवेव के चपेट में आ गया है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ ही राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,बिहार,उत्तर प्रदेश, विदर्भ आदि गंभीर हीटवेव से प्रभावित इलाके हैं। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास ही चल रहा है। पानी, बिजली और हीटवेव के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है।


इस समय हीटवेव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त होने के साथ ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं। असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सभी प्रदेशों की सरकारें बेहतर प्रबंधन कर रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 29 मई को जहां स्वयं भर दोपहरी सिर पर गमछा लपेट राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेयजल व्यवस्था को देखने निकल पड़े तो निश्चित रुप से प्रशासन और आमजन में एक संदेश गया हैं वहीं प्रदेश के सभी जिलों में 28 व 29 मई को दो दिन के लिए सभी प्रभारी सचिवों को प्रभार वाले जिलों में जाकर पानी, बिजली, दवा, ईलाज आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लेने भेजकर साफ संकेत दे दिए हैं। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि जहां दो दिन तक सरकार के वरिष्ठ अधिकारी इस गर्मी के मौसम में अपने कार्यालयों से निकल कर जिलों में स्थानीय प्रशासन व जिले के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं वहीं आपदा के इस दौर में आवश्यक दिशा-निर्देश देकर लोगों को राहत पहुंचाने में जुट गए हैं। बात यहीं समाप्त नहीं हो जाती क्योंकि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मुख्य सचिव सुधांश पंत स्वयं प्रभारी सचिवों व जिला कलक्टरों सहित अधिकारियों से 31 मई को संवाद कायम कर फीड बैक लेने के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। राजस्थान तो एक उदाहरण है पर कमोबेस इस तरह के प्रयास हीटवेव से प्रभावित अन्य राज्यों में भी किये जा रहे होंगे, इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

सामान्यतः एक मार्च से लेकर 21 जून तक सूर्य देव धरती के नजदीक होते हैं। देशी पंचाग के अनुसार नौतपा चल रहा है और माना जाता है कि इन नौ दिनों तक गर्मी का असर कुछ अधिक ही रहता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख मृत्युजंय महापात्र के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर में नमी के कारण गर्मी से राहत मिलने के आसार अवश्य है। पर सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम भी जिम्मेदार है। आज शहरी करण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमनें कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी तो दूसरी और चाहे गांव हो या शहर आंख मींचकर कंक्रिट का जंगल खड़ा करते रहे और उसका दुष्परिणाम सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। हमारे यहां मौसम के अनुसार खान-पान की समृद्ध परंपरा रही है पर उसे आज भुला दिया गया है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहले समुद्र में तापमान बढ़ने के साथ ही आंधी तूफान का माहौल बन जाता था और बरसात होने से लोगों को तात्कालीक राहत मिल जाती थी। पर आज तो समुद्र का तापमान बढ़ने के बावजूद हीटवेव का असर ही अधिक हो रहा है।

ऐसे में अब तात्कालीक व दीर्घकालीक योजनाएं बनाकर भविष्य की रुपरेखा तय करनी होगी। क्योंकि यह तो साफ हो चुका है कि प्रकृति का हमनें इतना दोहन कर लिया है कि हालात निकट भविष्य में सुधरने की लगते नहीं हैं। अब सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। इस चुनौती से निपटना ही होगा। अब सम्मेलनों के प्रस्तावों से आगे बढ़कर क्रियान्वयन पर जोर देना होगा।

**-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना





## हरे-भरे पेड़ हमारे हितैषी



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

ये हरे-भरे पेड़ हमारे हितैषी हैं
इनको अनदेखा करना मानो
अपनों से दूरियां जैसी होती है।
कोई क्या अपनों से दूर होता है?
कोई नही होता!
इसमें तो आत्मीय संबंध होता है।
और जन्म-जन्म का नाता होता है।
ये हमारे जीवनसाथी हैं,
ये हमारे जीवनदायिनी हैं,
ये हमारे प्राण-आधारे हैं,
ये हमारे लिए संजीवनी हैं,
ये हमारे लिए आरोग्य वर्धक हैं,
ये हमारे लिए फल-फुल प्रदायक हैं,
ये हमारे लिये शीतल
छाया प्रदान करते हैं।
ये हमारे लिए धुप की गर्मी,
बरसात की तेज बौछारें,
ठंडी की ठंडकता सहते हैं।
हम इनकी ओट में
स्वर्ग की सुख शान्ति
का अनुभव कर पाते हैं।
ये पेड़ पौधे हमे
माता पिता की तरह अपना
सुखद गोद प्रदान करते हैं।
ये हमको अपने
बच्चों की तरह प्यार देते हैं।
हमारा पालन-पोषण करते हैं।
स्वयं कष्ट झेलकर
हमारा कल्याण करते हैं।
ऐसे हमारे हितैषी,शुभचिंतक,
हमारे जीवन आधार पेड़-पौधे हैं।
चलो संकल्प करें,
हम इनका ख्याल करेंगे।
इनका कभी अनदेखा नही करेंगे।
इस धरा में पौधे लगाकर
इसे सुंदर और
हरा-भरा बनाएंगे,
धरा को स्वर्ग बनाएंगे।

## अतृप्त तृष्णाएं



गरिमा राकेश गर्विता
कोटा ,
राजस्थान

विजन -वन-वल्लरी पर
सोती है अतृप्त तृष्णाएं।
सूखी रेत पर पानी सी
बहती है अतृप्त तृष्णाएं।
क्वार के बादलों सी
गरजती है अतृप्त तृष्णाएं।
अमा में चंद्र किरणों सी
फलती है अतृप्त तृष्णाएं।
दर्शन दे जो गिरधारी
तो पूर्ण हो ,अतृप्त तृष्णाएं।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

CMYK

# बेलगाम हुए रेत माफिया बड़े पैमाने पर रेत का अवैध कारोबार

## रेत माफिया खुलेआम बिना नंबर के टीपर हाइवा और ट्रैक्टर में भरकर बेच रहे हैं रेत...

» शासन को लाखों के राजस्व की चपत,चुप्पी साध कर बैठा है प्रशासन...

» रेड नदी से प्रतिदिन सैकड़ो गाड़ियों में रेत भरकर सरगुजा सहित दुसरे प्रांतों में भेजा जा रहा है रेत...





- मनोज कुमार -
लखनपुर,30 मई 2024 (घटती-घटना)।

इन दिनों रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले जारी है। रेत माफिया खुलेआम बिना नंबर के टीपर हाइवा और ट्रैक्टर में भरकर रेत बेच रहे हैं। शासन को लाखों के राजस्व की चपत लगा रहें है । प्रशासन चुप्पी साध कर बैठा है। कई थानों के सामने से रेत से भरे ट्रैक्टर- ट्रॉली निकलते रहते हैं,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है।क्षेत्र वासियों को कहना है कि रेत माफियाओं द्वारा प्रतिदिन सैकड़ों ट्रेक्टर,टीपर और डम्फर भर कर रेत का परिवहन करते है जैसे खनिज विभाग की साठगांठ हो। रेड नदी से प्रतिदिन सैकड़ो गाड़ियों में रेत भरकर सरगुजा सहित दुसरे प्रांतों में भेजा जा रहा है । रेत माफियाओं के अवैध कारोबार में पुलिस और खनिज विभाग का उन्हें पूरा सहयोग प्राप्त है,लेकिन कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं है । बिना किसी पीटपास के धड़ल्ले से रेत माफिया रेत अवैध कारोबार करने में लगे है । रेत माफिया सरकारी आदेश का किस तरह का माखौल उड़ा रहे इसकी बानगी सरगुजा जिले के लखनपुर उदयपुर क्षेत्र में आसानी से देखी जा सकता है। रेत के दाम इतने बढ़ा दिए कि वह गरीबों की पहुंच से लगभग बाहर ही हो गई है। क्षेत्र के रेड नदी के जजगा,कवल गिरी,चैनपुर तराजू जमगला,कोरजा,बगदर्री से दिनदहाड़े जेसीबी मशीन से रेत निकालने तथा परिवहन करने का गोरखधंधा चल रहा है। प्रशासन की कार्रवाई भी दिखावे भर की होती है। रेत माफिया और ठेकेदार द्वारा रेत का अवैध कारोबार किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा बीच बीच मे खानापूर्ति मात्र कार्रवाई भी की जाती है। रेत माफिया बराबर धंधा चमकाने में जुटे हुए हैं। वही 24 घंटे रेत माफिया सक्रिय हैं। सरगूजा ज़िले में प्रतिदिन नाबालिक और बिना लाइसेंस धारी चालको द्वारा बिना नंबरों के टीपर ट्रेक्टर हाइवा वाहन में रेत का परिवहन किया जा रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन के द्वारा किस प्रकार की कार्रवाई इन रेत माफियाओं के खिलाफ की जाती है या फिर कार्यवाही के नाम पर हर बार की तरह खानापूर्ति कर दिया जाएगा।

सरगुजा पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर ट्रैफिक और पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा बुधवार लखनपुर थाना क्षेत्र के एनएच 130 केवरी में सघन वाहन चेकिंग अभियान किया जा रहा था। चेकिंग के दौरान 3 टीपर और 2, ट्रैक्टर वाहन में अवैध रुप से रेत परिवहन किया जा रहा था चालकों के पास न तो लाइसेंस था और न ही गाड़ियों मै नंबर प्लेट था। ट्रैफिक और पुलिस की संयुक्त टीम ने समन शुल्क लेकर अवैध रेत परिवहन कर रहे वाहनों को छोड़ दिया।

# दोहरे हत्याकांड के विरोध में 72 घंटे बाद आक्रोशित लोगों ने फिर से किया चक्काजाम





- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मई 2024 (घटती-घटना)।

जिला मुख्यालय बलरामपुर में दो दिनों पूर्व बजरंग दल नेता सुजीत स्वर्णकार और युवती की संदिग्ध मौत को लेकर लोगों ने फिर चक्काजाम कर दिया है। आक्रोशित लोग पुलिस के 72 घंटे बाद भी मामले का खुलासा नहीं किए जाने से नाराज हैं। दोपहर 2 बजे मुख्यमार्ग पर चौक में शुरू हुए चक्काजाम के दौरान पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की जा रही है। इधर दोनों मृतकों के पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में करंट से मौत होने की पुष्टि हुई है। चक्काजाम और प्रदर्शन को देखते हुए काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

बता दें जिला मुख्यालय बलरामपुर से लगे डुमरखी के जंगल में 27 मई को सुबह बजरंग दल के जिला सह संयोजक सुजीत स्वर्णकार 25 वर्ष और किरण काशी 22 वर्ष निवासी दहेजवार का शव मिला था। मृतक सुजीत के हाथ-पैर के साथ कमर में चोट के निशान थे, जिससे हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही थी। दोहरे हत्याकांड के विरोध में हिन्दू संगठनों ने चक्काजाम कर दिया था। बाद में बलरामपुर पुलिस के 72 घंटों में मामले के खुलासे की आश्वासन देने के बाद आंदोलन समाप्त हुआ था।

# राजीव गांधी पीजी कॉलेज का फरवरी-मार्च में आयोजित हुए सेमेस्टर का अबतक जारी नहीं हुआ परिणाम

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मई 2024 (घटती-घटना)।



राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सबसे बड़े महाविद्यालय के रूप में विख्यात हैं, जिन्होंने स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षा फरवरी-मार्च में आयोजित की थी। हालांकि,वर्तमान में लगभग दो महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक न तो स्नातक के किसी भी कक्षा का परिणाम जारी किया गया है और न ही स्नातकोत्तर के किसी कक्षा का। इससे छात्रों के माध्यम से चिंता का संकेत मिल रहा है। इसके अलावा, निर्धारित समय से पहले आने वाले दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा का दिन भी नजदीक आ रहा है, जिससे छात्रों की तनाव और चिंता में वृद्धि हो रही है। आगामी सेमेस्टर के परीक्षा के पूर्व अंतरिक मूल्यांकन की प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो गई है जहां टेस्ट व सेमिनार मई माह के अंत तक पूरे भी हो जाएंगे और कुछ टेस्ट जून के शुरुआती माह में होंगे और उसके बाद ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने का कार्य होगा। महाविद्यालय के परिणामों के विलम्ब के कारण तथा छात्रों को इससे मानसिक रूप से प्रभाव पड़ रहा है। जिसे देखते हुए गैर राजनीतिक दल द्वारा प्राचार्य को ज्ञापन सौंप कर परीक्षाओं के परिणाम जल्द जारी करने की मांग की गई। प्राचार्य द्वारा उचित आश्वासन देते हुए कहा गया कि आगामी हफ्ते से पीजी के कक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए जाएंगे उसके बाद धीरे-धीरे सभी सेमेस्टर के परिणाम जारी हो जाएंगे।

# एम्बुलेंस से कूद कर फरार हुए बंदी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



» अस्पताल ले जाते समय एम्बुलेंस से कूदकर हो गया था फरार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मई 2024 (घटती-घटना)।

केन्द्रीय जेल का विचाराधीन बंदी बुधवार की शाम को एम्बुलेंस से कूदकर फरार हो गया था। वह तबियत खराब होने का बहाना बनाया था। जेल प्रबंधन द्वारा तबियत खराब समझकर उसे दो जेल प्रहरी द्वारा एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया जा रहा था। तभी रास्ते में दोनों जेल प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गया था। ड्यूटी में लापरवाही पर जेल अधीक्षक ने दोनों जेल प्रहरियों को निलंबित कर लिया था। इसी बीच फरार बंदी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर लुंड्रा थाना क्षेत्र से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

सेंट्रल जेल अंबिकापुर में ग्रामचिखलाडीह निवासी संजीव दास हत्या के आरोप में विचाराधीन बंदी के रूप में बंद था। बुधवार की शाम तबियत खराब होने की शिकायत पर उसे सेंट्रल जेल के डॉक्टर शाहरुख फिरदौसी के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया था। इस पर 2 जेल प्रहरी दयाराम व वेद प्रकाश पांडेय उसे एम्बुलेंस से शाम 7 बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान बीही बाड़ी के पास बंदी एम्बुलेंस से कूदकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान जेल प्रहरी दयाराम एम्बुलेंस चला रहा था, जबकि वेद प्रकाश पांडेय सामने ही बैठा था। दोनों ने हत्या के विचाराधीन बंदी को अकेला पीछे छोड़ दिया था। जेल प्रहरियों की सूचना पर मणिपुर पुलिस ने अपराध दर्ज किया था। इस मामले में सरगुजा के सभी थाना-चौकी की पुलिस आरोपी की खोजबीन में जुटी थी। हत्या जैसे संगीन अपराध में बंद आरोपी के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में जेल अधीक्षक ने दोनों जेल प्रहरियों को निलंबित कर दिया था। वहीं पुलिस ने आरोपी को गुरुवार की दोपहर लुंड्रा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने धारा 224 के तहत अपराध दर्ज कर दोबारा उसे जेल भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार सेंट्रल जेल में संगीन आरोपों में बंद बंदियों को वहां पदस्थ डॉ. फिरदौसी द्वारा छोटी-मोटी बीमारियों में रेफर करने का खेल किया जा रहा है। जो बंदी एम्बुलेंस से कूदकर भागा, यदि उसकी हालत गंभीर होती तो वह भाग नहीं पाता। वहीं जमीन घोटाला मामले में सेंट्रल जेल में बंद आकाश अग्रवाल उर्फ गोलू नामक बंदी को भी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसकी शिकायत किसी ने कलेक्टर से करते हुए कहा था कि मोटी रकम लेन-देन कर सेंट्रल जेल के डॉक्टर द्वारा उसे यहां रेफर किया गया है। इस मामले में कलेक्टर के निर्देश पर जांच की जा रही है।

# तम्बाकू मानव शरीर स्वास्थ्य के लिए पीड़ादायक मौत का बनता है कारण

» विश्व तम्बाकू निषेध दिवस आज...

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 30 मई 2024 (घटती-घटना)।



प्रति वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। ताकि लोगों में जागरुकता ला सकें। राष्ट्रीय तम्बाकु नियंत्रण कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष तम्बाकू निषेध दिवस पर नाबालिग बच्चों को तम्बाकू की लत में लाने के लिए विक्रय कंपनी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के प्रति जानकारी देना व बच्चों को तम्बाकू की आदत से बचाना मुख्य उद्देश्य है। डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि तम्बाकू सेवन करने वाले व्यक्ति (80 प्रतिशत) की लत 21 वर्ष के उम्र तक लग जाती है। 21 वर्ष तक की उम्र में सोचने, परखने, व सही निर्णय लेने के लिए अपरिपक्व रहता है। इस उम्र के बच्चे आसानी से प्रचार-प्रसार से प्रभावित होते है। और नशे के शिकार बनते है। कोटपा एक्ट 2003 के द्वारा तम्बाकु एक प्रतिवधात्मक पदार्थ है जिसे 18 वर्ष से कम उम्र को बेचा या खरीदा नहीं जा सकता, जबकि शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में तम्बाकू की विक्रय पर पूर्ण प्रतिबन्ध है। जुवेनाइल प्रिवेन्सन एक्ट के तहत उल्लंघन होने पर 5 वर्ष की कारावास का प्रावधान है। राष्ट्रीय तम्बाकु नियंत्रण कार्यक्रम के तहत वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सहयोग से सभी शिक्षण संस्थानों में तम्बाकू से होने वाली दुष्परिणाम की जानकारी दी गई है। तम्बाकु नशा मुक्ति केन्द्र में तम्बाकु सेवन करने वाले की संख्या 1029 की थी, जिसमे से 600 लोगों से तम्बाकु खाना छोड़ा वहीं धूम्रपानकरने वालों की संख्या 118 थी,जिसने से 38 लोगों ने निकोटिन पैच व च्विंगम की सहायता से छोड़ा। सरगुजा में 100 में से 39 लोग तम्बाकू का प्रयोग खाने अथवा धूम्रपान के रूप में करते है। 100 की जनसंख्या में 5 लोग धूम्रपान सेवन करते हैं। मुख एवं गले के कैंसर में 90 प्रतिशत कारण तम्बाकु सेवन होता है। तम्बाकू मानव शरीर स्वास्थ्य के लिए ऐसा बीज है, जो कैंसर, हृदय घात, लकवा जैसी बिमारी पैदा कर पीड़ादायक मौत का कारण बनता है। पैर के नाखून से लेकर सिर के बाल तक तम्बाकू द्वारा स्वस्थ शरीर में बिमारी पैदा होती है। तम्बाकू निषेध दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# घर पहुंचाने के नाम पर साप्ताहिक बाजार में बिछड़ी बालिका से बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मई 2024 (घटती-घटना)।




साप्ताहिक बाजार में बिछड़ी नाबालिग बच्ची को उसके घर पहुंचाने के नाम पर बाइक से अपने घर ले जाकर उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया है। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार 27 मई को नाबालिग बच्ची अपने चाचा के साथा साप्ताहिक बाजार गई थी। भीड़भाड़ होने के कारण वह बिछड़ गई। चाचा अपने घर चला गया। इस दौरान गणेश नामक युवक और एक अन्य नाबालिग बालक बालिका को उसके घर छोडने की बात कहकर बाइक में बैठाकर अपने घर ले गया। इसके बाद नाबालिग बालक अपना घर चला गया। वहीं गणेश ने बालिका के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया है। बलात्कार करने के बाद पुन: पीड़िता को साप्ताहिक बाजार में ले जाकर छोड़ दिया। मामले में पीड़िता की रिपोर्ट पर लुण्ड्रा पुलिस ने आरोपी गणेश घासी उम्र 22 वर्ष निवासी लुण्ड्रा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 363, 376 (क)(ख), 34 एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4, 6 का के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# सार्जनिक स्थान पर शराब पीते तीन पकड़ाए

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मई 2024 (घटती-घटना)।


सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब सेवन करने वाले तीन लोगों के खिलाफ मणिपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। भाकुस दास उम्र 45 वर्ष निवासी भाथूपारा यह भाथूपारा मंदिर के पास खुले में शराब का सेवन कर रहा था। दूसरे ममाले में राज ताम्रकार उम्र 32 वर्ष निवासी जोड़ापीपल द्वारा बंजारी चौक के पास खुले में शराब का सेवन कर रहा था। वहीं तीसरे मामले में पुलिस ने 37 वर्षीय रमेश के खिलाफ कार्रवाई की है। यह भी भाथुपारा मंदिर के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन कर रहा था। पुलिस ने तीनों मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 36(च)(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



# ग्रामीण भारत की डिजिटल यात्रा:डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन से

- संवाददाता -
सूरजपुर,30 मई 2024 (घटती-घटना)।





देश एवं राज्य के ग्रामीण अंचल में डिजिटल क्रांति का आगाज, अब हर व्यक्ति तक डिजिटल शिक्षा और ज्ञान का विस्तार होगा। जिला प्रशासन के सहयोग से एनआईआईटी फाउंडेशन और इंडस टावर इस अद्भुत पहल की शुरुआत सूरजपुर जिले में करने जा रही है, जिसके तहत डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन (डीटीवी) के माध्यम से गांवों में डिजिटल शिक्षा का प्रसार किया जाएगा। यह वैन गांवों में जाकर युवाओं को निःशुल्क डिजिटल शिक्षा और प्रमाण-पत्र प्रदान करता है। सौर ऊर्जा,विद्युत ऊर्जा एवं पेट्रोल से चलने वाली यह डिजिटल बस निम्नलिखित विशेषताओं के साथ आती है-21 कंप्यूटर्स, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और वेबिनार सुविधाएं,प्रिंटिंग, सॉफ्टवेयर और ई-लर्निंग उपकरण। इसके साथ ही,एक प्रबंधक,एक मोबलाइजर,एक प्रशिक्षक और एक ड्राइवर भी इस बस में उपस्थित होते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य है ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना, गांव की मैपिंग और समुदाय को एकत्र करना, शिक्षा में रुचि बढ़ाना, और ग्रामीण युवाओं के लिए समान अवसर प्रदान करना। इसके साथ ही पिछड़े एवं ग्रामीण इलाकों के छात्र जो किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ चुके हैं उनको प्राथमिकता दी जाएगी। यह स्मार्ट बस अब देश के 16 राज्यों में संचालित हो रही है और इसे इंडस टावर कंपनी की सीएसआर गतिविधि के तहत चलाया जा रहा है। सूरजपुर जिला छत्तीसगढ़ का पहला जिला है जहां इस बस का संचालन हो रहा है। निःशुल्क कोर्स पूरा करने के बाद,एनआईआईटी फाउंडेशन और इंडस टावर द्वारा निःशुल्क प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का डिजाइन और नियंत्रण भी एनआईआईटी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल के माध्यम से भारतीय गांवों में डिजिटल साक्षरता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।

# भारतीय महिला को ट्रैवल एजेंट ने दिया धोखा...पाकिस्तान में हुई गिरफ्तार

## अब हुई स्वदेश वापसी



### ट्रैवल एजेंट ने दिया धोखा

वाहिदा ने आरोप लगाया कि फगानिस्तान पहुंचते ही ट्रैवल एजेंट ने उनसे पासपोर्ट और सारे रुपये लूट लिए। भारत जाने के लिए उन्होंने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चमन बॉर्डर को पार किया और वहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद पाकिस्तान के वकीलों ने वाहिदा से परिवार से संपर्क किया। वाहिदा ने आगे बताया कि उनके परिवार ने दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास और भारतीय उच्चायोग से संपर्क किया। भारतीय उच्चायोग ने जब इस मामले का संज्ञान लिया, तब वाहिदा की रिहाई सुनिश्चित हो पाई।

**इस्लामाबाद,30 मई 2024।** पाकिस्तान ने एक भारतीय महिला महिला और उसके नाबालिग बेटे को वाघा बॉर्डर पर भारतीय सुरक्षा बलों को सौंप दिया है। बताया गया है कि दोनों मानव तस्करी का शिकार हुए थे और वर्ष 2023 में अवैध रूप से पाकिस्तान में घुस गए थे। दोनों को क्वेटा की एक जेल में रखा गया था। महिला का नाम वाहिदा बेगम और उनके नाबालिग बेटे का नाम फैज खान बताया गया है। सजा पूरी होने के बाद दोनों को वाघा बॉर्डर पर भारतीय सुरक्षा बलों के हवाले किया गया।

### असम के नगांव जिले की निवासी है वाहिदा

पाकिस्तान के एक अधिकारी का कहना है कि वाहिदा असम के नगांव जिले की रहने वाली है। वर्ष 2023 में वाहिदा अवैध तरीके से अफगानिस्तान के रास्ते पाकिस्तान में घुसी थी। पीड़िता ने अधिकारियों को बताया कि भारत के ट्रैवल एजेंट की धोखाधड़ी की वजह से वह पाकिस्तान पहुंची। पुलिस को दिए गए बयान में वाहिदा ने कहा कि वर्ष 2022 में उनके पति की मौत हो गई थी और उसके बाद उन्होंने अपने बेटे को कनाडा ले जाने का फैसला किया। उन्होंने अपनी जमीन जायदाद बेचकर ट्रैवल एजेंट को एक मोटी धनराशि दी। इसके बाद ट्रैवल एजेंट वाहिदा और उनके बेटे के साथ दुबई गया और उसके बाद उन्हें अफगानिस्तान ले जाया गया।

# हम परमाणु हथियारों को लेकर बनाई गई नीति का पालन नहीं करते,पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अधिकारी ने कहा

**इस्लामाबाद,30 मई 2024।** पाकिस्तान के एक पूर्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने परमाणु हथियारों को लेकर अपनी बात रखी है। उनका कहना है कि पाकिस्तान उस नीति का पालन नहीं करता,जिसमें परमाणु हथियारों पहले इस्तेमाल न करने की बात कही गई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान के पास ऐसी ताकतें हैं,जिनसे दुश्मनों को करारा जवाब दिया जा सकता है।



### पाकिस्तान की परमाणु क्षमता सक्रिय रूप से तैयार

पाकिस्तान हमेशा से परमाणु हथियारों पहले इस्तेमाल न करने की नीति को लेकर अस्पष्ट रहा है। किदवई ने आगे कहा 'भले ही भारतीय नेतृत्व इस नीति को लेकर विचार विमर्श करे लेकिन पाकिस्तान में इसे लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। चाहे वह दुश्मन हो या दोस्त, पाकिस्तान की परमाणु क्षमता सक्रिय रूप से तैयार है। यह परमाणु क्षमता प्रत्येक पाकिस्तानी नेता को भारत की आंखों में आंखें डालकर बात करने का साहस प्रदान करती है।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान के पास दुश्मन को जवाब देने के लिए आधुनिक तकनीक के हथियार मौजूद हैं।

बता दें कि भारत के पोखरण परमाणु परीक्षण का जवाब देने के लिए पाकिस्तान ने 28 मई 1998 को बलूचिस्तान प्रांत में परमाणुपरीक्षण किया था।

### दुश्मनों से पाकिस्तान की रक्षा के लिए परमाणु हथियार

ये बातें लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) खालिद अहमद किदवई ने कहीं हैं। सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्ट्रेटेजिक स्टडी (सीआईएसएस) में पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण की 26वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक समारोह के दौरान उन्होंने इन बातों पर जोर दिया। जनरल किदवई ने आगे कहा कि ये हथियार किसी विनाशकारी परमाणु युद्ध के लिए नहीं बल्कि दुश्मनों से पाकिस्तान की रक्षा करने के लिए हैं।

# अदालत ने 09 मई 2023 के दंगों से जुड़े दो मामलों में इमरान खान को बरी किया

**इस्लामाबाद,30 मई 2024।** पाकिस्तान की एक अदालत ने नौ मई, 2023 की हिंसा से संबंधित दो मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके खिलाफ अपर्याप्त सबूत का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को बरी कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान के समर्थकों ने पिछले साल नौ मई को कथित भ्रष्टाचार मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था ।



पीटीआई संस्थापक के खिलाफ शहजाद टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज दो मामलों को चुनौती देने वाली याचिका को इस्लामाबाद के जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने मंजूरी दे दी। अदालत ने खान (71) को बरी करने का आदेश देते हुए अपने फैसले में कहा, चूंकि अभियोजन द्वारा पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किए गए हैं, इसलिए पीटीआई संस्थापक को बरी किया जाता है. खान को 15 मई को दो मामलों में बरी कर दिया गया था।न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिब बिलाल ने पूर्व प्रधानमंत्री की याचिका मंजूर करते हुए उन्हें बरी करने का आदेश जारी किया। खान के खिलाफ दोनों मामले इस्लामाबाद के खन्ना पुलिस स्टेशन में दर्ज किए गए थे।

# दक्षिण अफ्रीकी चुनाव के नतीजे आने शुरू, शुरुआती रुझानों में पिछड़ी सत्ताधारी एएनसी



**जॉहानेसबर्ग,30 मई 2024।** दक्षिण अफ्रीका में बुधवार को आम चुनाव के लिए वोट डाले गए थे, अब चुनाव नतीजे के शुरुआती रुझान आने शुरू हो गए हैं। शुरुआती रुझानों से ऐसा लग रहा है कि सत्ताधारी एएनसी पार्टी बहुमत से दूर रह सकती है। हालांकि अभी साफ तौर पर ये कहना जल्दबाजी है क्योंकि देश के 23 हजार मतदान केंद्रों पर वोटों की गिनती जारी है और रविवार तक ही चुनाव नतीजे स्पष्ट हो सकेंगे।

### शुरुआती रुझानों में पिछड़ी एएनसी

दक्षिण अफ्रीका के चुनाव आयोग इंडीपेंडेंट इलेक्टोरल कमीशन ने गुरुवार को सुबह 11 बजे तक के मतदान आंकड़े साझा किए। अभी तक 14 प्रतिशत वोटों की गिनती ही हुई है और इसमें एएनसी को 43 प्रतिशत मत मिले हैं। विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक अलायंस को 26 प्रतिशत और इकॉनोमिक फ्रीडम फाइटर्स को 8 प्रतिशत मत मिले हैं। दक्षिण अफ्रीका में इस बार के आम चुनाव को लेकर काफी चर्चा है और 52 राजनीतिक पार्टियां चुनाव मैदान में हैं।

# एसीबी टीम ने जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 30 मई 2024 (घटती-घटना)।**

एसीबी की टीम ने गुरुवार पोस्पोर्ट शाखा में छापा मारकर जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर को 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। वह पासपोर्ट वेरिफिकेशन के नाम पर लोगों से 5-5 हजार रुपए की मांग कर रहा था। इसकी शिकायत 4-5 युवकों ने एसीबी से की थी।



बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम दोलंगी निवासी इसरार अंसारी नामक युवक को अपना पासपोर्ट वेरिफिकेशन कराना था। इसके लिए वह अंबिकापुर के पोस्ट ऑफिसर परिसर में स्थित पासपोर्ट ऑफिस में 1 महीने पहले पहुंचा था। लेकिन वहां पदस्थ जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर संकट मोचन राय द्वारा उसे कोई न कोई त्रुटी बताकर घूमा रहा था। करीब 1 महीने तक उसने उसे घुमाया। उसने पासपोर्ट का वेरिफिकेशन करने उससे 5 हजार रुपए की मांग की। वह अन्य आवेदनकर्ताओं से भी 5-5 हजार रुपए की मांग कर रहा था। करीब 1 महीने तक वह उन्हें चक्कर कटवाता रहा। इसकी शिकायत पीड़ित इसरार अंसारी समेत 4 अन्य लोगों ने एसीबी की टीम से की थी।

शिकायत के बाद एसीबी की टीम ने जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार करने की योजना बनाई। इसी के तहत गुरुवार की दोपहर करीब 1 बजे टीम अंबिकापुर के मुख्य डाकघर परिसर में पीछे स्थित पासपोर्ट शाखा पहुंची। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ता इसरार अंसारी को केमिकल लगे रुपए देकर भेजा। जैसे ही जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर संकट मोचन राय ने रिश्वत के 8 हजार रुपए लिए, वहां पहले से मौजूद एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों धरदबोचा। आगे की कार्रवाई के लिए टीम उसे अपने साथ ले गई है।

# शातिर आरक्षक गिरफ्तार...मोटर व्हीकल एक्ट में वसूले गए 17 लाख रुपए का किया था गबन

**- संवाददाता -**
**बिश्रामपुर/सूरजपुर,30 मई 2024 (घटती-घटना)।**

थाने में पदस्थ कोर्ट मोहर्रिर आरक्षक द्वारा 17 लाख 4 हजार रुपए का गबन करने का मामला सूरजपुर जिले के जयनगर से सामने आया है। ये पूरी राशि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वसूली गई समंश की थी। वर्ष 2016 से 2022 तक जयनगर थाने में पदस्थापना के दौरान आरक्षक ने कूटरचित दस्तावेजों के सहारे इतनी बड़ी गड़बड़ी को अंजाम दिया। इसकी भनक पुलिस के आला अधिकारियों को भी नहीं लगी। मामले में पुलिस ने आरोपी आरक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जयनगर पुलिस ने बताया कि आरोपी आरक्षक दीपक सिंह पिता कामेश्वर सिंह वर्तमान में बिश्रामपुर थाने में पदस्थ था। वह माइनस कालोनी क्वार्टर नंबर 117 में रहता है। आरक्षक वर्ष 2016 से 2022 तक जयनगर थाने में पदस्थापना के दौरान कोर्ट मोहर्रिर का कार्य करता था।

थाने द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वसूली गई समंश राशि, जिसे चालान के माध्यम से एसबीआई सूरजपुर शाखा से शासन के खाता क्रमांक 0041 में जमा किया जाना था, लेकिन आरक्षक ने शातिराना तरीके से कुल 55 प्रकरणों की राशि 17 लाख 4 हजार 360 रुपए बैंक खाते में जमा न कर चालान की प्रति में बैंक का फर्जी सील व मुहर लगाकर थाना व ट्रेजरी में जमा कर दिया गया था।





8 साल तक आरक्षक के इस गड़बड़ी की भनक तक किसी को नहीं लगी। पिछले दिनों ऑडिट के दौरान सूरजपुर पुलिस द्वारा जिला कोषालय में एसबीआई के चालान के माध्यम से जमा की गई राशि में भारी अंतर पाया गया। इसके बाद अलग-अलग थानों से जमा की गई राशि का बारीकी से मिलान किया गया, तब पता चला कि जयनगर थाने से जमा कराई गई राशि बैंक खाते में जमा ही नहीं हुई है।

इससे हडक़ंप मच गया। मामला आईजी व पुलिस अधीक्षक तक पहुंचा तो पड़ताल हुई। इसमें पता चला कि कोर्ट मोहर्रिर आरक्षक दीपक सिंह ने थाने से भेजी गई राशि को उस तिथि में बैंक में जमा ही नहीं किया है और फर्जी पावती थाने में जमा करा दी गई है।

### पूछताछ के बाद आरक्षक गिरफ्तार

गड़बड़ी प्रमाणित होने के बाद एसएसपी एमआर आहिरे के निर्देश पर जयनगर व बिश्रामपुर पुलिस ने आरक्षक को पूछताछ के लिए बुधवार की रात को ही तलब कर लिया। पहले तो वह कहता रहा कि उसने पूरी राशि बैंक में जमा कर दी थी। लेकिन जब कड़ाई बरती गई तो उसने गबन की बात स्वीकार ली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी आरक्षक दीपक सिंह के खिलाफ धारा 409, 420, 467, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज कर गुरुवार को जेल भेज दिया।

### 2016 से 2022 में की गई गड़बड़ी, अब खुला राज

बताया जा रहा है कि जयनगर थाने में वर्ष 2016 से 2022 के बीच मोटर व्हीकल एक्ट में की गई कार्यवाही के दौरान वसूली गई सम्मन शुल्क की राशि का आरक्षक दीपक सिंह द्वारा गबन का मामला 8 वर्ष बाद उजागर होना विभागीय लापरवाही को भी दर्शाता है। सवाल यह है कि क्या विभाग द्वारा हर साल ऑडिट नहीं कराया जाता।

वर्ष 2016 का मामला अब ऑडिट में पकड़ा गया है, यदि सालाना ऑडिट कराया गया होता तो इतनी बड़ी राशि का गोलमाल नही हो पाता और समय रहते गड़बड़ी पकड़ी जाती। गड़बड़ी उजागर होने के बाद यह बात भी सामने आ रही है कि कहीं आरक्षक दीपक सिंह द्वारा अन्य थानों में भी पदस्थापना के दौरान गड़बड़ी तो नहीं की गई है। अब सभी थाना द्वारा जमा की गई राशि की पड़ताल एसएसपी ने किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,30 मई 2024 (घटती-घटना)।**

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंबिकापुर में गुरुवार को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर के द्वारा संस्था में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थियों के मन में सेवा भावना विकसित करने हेतु सुरक्षित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्था के प्राचार्य श्री सी एस पैकरा ने रक्तदान कर बच्चों को रक्तदान हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान संस्था के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया । शिविर में चिकित्सा विभाग के डॉ. शारदा भगत, रमेश गुप्ता, संगीता पैकरा, अंजुला मिश्रा एवं रीता थॉमस के द्वारा रक्तदान के महत्व को बताया। शिविर में संस्था के प्राचार्य चंदेश्वर सिंह पैकरा,प्रशिक्षण अधिकारी अमित ठाकुर,रहमान अली, नरेश साहू, अजय मिश्रा,अशेष सिन्हा,जयसन्त कुश्वाहा, नरेन्द्र सिन्हा, राजेश सोनी,सुखनंदन,उमेश सूर्यवंशी सहित अन्य सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निगम सरकार की मनमानी के कारण कई वार्डों में बनी हुई है पानी की समस्या : मधुसूदन शुक्ला

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,30 मई 2024 (घटती-घटना)।**

नगर निगम क्षेत्र में जलापूर्ति सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा पार्षद मधुसूदन शुक्ला ने गुरुवार को निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने निगम आयुक्त को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि केन्द्र सरकार द्वारा नगर पालिक निगम अम्बिकापुर को 106 करोड़ 83 लाख रूपये शुद्ध पेयजल एवं 24 घन्टे पानी की आपूर्ति हेतु प्रदाय किया गया था। नगर पालिक निगम अम्बिकापुर की कांग्रेस सरकार की संवेदन हीनता व मनमानी रवैयी के कारण शहर के कई वार्डों में पानी की समस्या बनी हई है। निगम की कांग्रेस सरकार ने अमृत मिशन जल आवर्धन योजना से शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्र की टंकियों को नहीं जोड़ा जिसके कारण अम्बिकापुर नगर निगम के मध्य स्थित कई वार्डों में पानी की समस्या बनी हुई है। भाजपा पार्षदों द्वारा समय-समय पर अमृत मिशन योजना का कार्या विसंगति पूर्ण कराए जाने पर विरोध करती रही है। परंतु निगम की कांग्रेस सरकार ने उन विषयों पर ध्यान नहीं दिया। भ्रष्टाचार के कारण अमृत जल आवर्धन योजना हाथी का दांत साबित हो गया है। मधुसूदन शुल्का ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर मांग किया है कि शहर के सभी टंकियों को जोन बनाकर नल कनेक्शन धारक व आबादी को ध्यान में रखते हुए पानी वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। नगर के मध्य स्थित केदारपुर व मणिपुर पानी टंकी को अमृत मिशन जल आवर्धन योजना से जोड़ा जाए। शहर के मध्य में पूराने बस स्टैण्ड के समीप 20 लाख लीटर की पानी टंकी का निर्माण किया जाए। शहर के खराब सडक़ों के डामरीकरण का कार्य व गड्ढों के पैच रिपेयर कराकर सडक़ों को बरसात से पूर्व गड्ढा मुक्त किया जाए। शहर के कई तालाबों के सौंदर्यकरण का कार्य समय-सीमा पर पूरा नहीं हुआ है उसे बरसात से पूर्व पूर्ण किया जाए। जिससे शहर की जनता निस्तार के लिए तालाब का उपयोग कर सके।



# दूसरे राज्य के लोकसभा में कोरबा लोकसभा के जनप्रतिनिधि सहित नेता पार्टी प्रत्याशी को जिताने का दावा कर रहे पर अपने लोकसभा प्रत्याशी के लिए जीत का दावा क्यों नहीं कर पाएंगे?

**कोरबा लोकसभा के जनप्रतिनिधि नेता दूसरे राज्यों में मेहनत करते दिखे पर अपने प्रत्याशी के लिए वह मेहनत उनकी नहीं दिखी अब उनके प्रत्याशी में इस बात से रोष दिख रहा...**

**कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी का कोरिया एमसीबी संगठन व जनप्रतिनिधियों से नाराजगी की बात सामने आ रही...**

**लोकसभा चुनाव के बाद जिले के संगठन में होगा बदलाव,कोरबा से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ने दिया बयान:सूत्र**

**स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर संगठन पर नाराज हुई सरोज पाण्डेय,अपनी जीत को लेकर भी कही बड़ी बात**


घटती घटना | अम्बिकापुर,बुधवार 22 मई 2024 | 5
दूसरे राज्यों के लोकसभा में सरगुजा कोरबा लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित नेता पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए ताकत झोंकने का दावा कर रहे है लेकिन अपने लोकसभा में क्या इतनी ताकत दिखाई होगी?
सरगुजा कोरबा लोकसभा के भाजपा के जनप्रतिनिधि सहित नेता अपने लोकसभा प्रत्याशी के लिए मेहनत करते नहीं दिखे,लेकिन दूसरे राज्यों में जाकर बता रहें हैं की काफी मेहनत कर रहे!
मंत्री जी ड्रोन किसके लिए लेकर गए थे...ड्रोन से सिर्फ मंत्री जी की तस्वीर सोशल मीडिया में पोस्ट होते रही?


घटती घटना | अम्बिकापुर,रविवार 28 अप्रैल 2024 | 6
कोरिया जिले के पटना में मुख्यमंत्री की जनसभा में नहीं जुटी भीड़,मुख्यमंत्री के सामने जिलाध्यक्ष सहित मंडल अध्यक्ष पर भड़की लोकसभा प्रत्याशी


भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया और उनकी गिनती की टीम लोकसभा प्रत्याशी के लिए जिले में बन रही नुकसानदायक

**-रवि सिंह-**
**कोरिया,30 मई 2024**
**(घटती-घटना)।**

कोरबा लोकसभा का चुनाव भले ही संपन्न हो चुका है पर अभी परिणाम आना बाकी है इस समय जो स्थिति निर्मित है वह कहीं ना कहीं अलग ही दास्तान बयां कर रही है, जिस समय कोरबा लोकसभा चुनाव नहीं हुआ था और प्रत्याशी कोरिया एमसीबी सहित कोरबा के सभी विधानसभा के जन प्रतिनिथि व संगठन से अपेक्षा व भरोस करके बैठी थी की काफी मेहनत करेंगे पर ऐसा होता दिख नहीं,वहीं अब जब कोरबा लोकसभा क्षेत्र के जन प्रतिनिथि व संगठन के नेताओं को दूसरे राज्यों के प्रत्याशी के लिए प्रचार करने भेजा गया वहां पर वह काफी मेहनत करते देखे जा रहे हैं और वह उन प्रत्याशियों को जीतने का दावा भी कर रहे हैं,यह बात आप कोरबा लोकसभा के प्रत्याशी को भी पसंद नहीं आ रही और लाजमी है कि किसी को भी यह बात पसंद नहीं आएगा,क्योंकि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व संगठन के नेता अपने प्रत्याशी के लिए वैसे काम करते नहीं दिखे जैसा उन्हें करना चाहिए था जिसे लेकर कोरबा लोकसभा के प्रत्याशी में काफी आक्रोश है जो अब दिखने लगा है, मंगलवार को कोरबा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के कोरिया जिले में भाजपा की उम्मीदवार व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय बैकुंठपुर पहुंचीं। सूत्रों का कहना है की लगभग डेढ़ घंटे उन्होंने भाजपा संगठन के पदाधिकारियों की क्लास ली,वो काफी नाराज नज़र आई,उन्होंने कहा कि वो चुनाव जीत रही है। संगठन के कुछ पदाधिकारियों पर उन्होंने नाराजगी जताई, कहा कि चुनाव के बाद कोरिया संगठन में ओवर ऑयलिंग की जाएगी, बदलाव होगा, उसके बाद आपको बहुत कुछ बदलाव नज़र आएंगे। वही कोरिया जिले में मतदान के बाद स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा किसी को नियुक्त नही किए जाने पर नाराजगी जताई, ऐसा उन्होंने एमसीबी जिले के संगठन के पदाधिकारियों को लेकर भी कहा। उन्होंने कहा कि प्रशासन अपना काम कर रहा है पर हमको अपनी ओर से ईवीएम की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखना चाहिए। स्ट्रांग रूम के बाहर भाजपा के लोगो को पहरा देना था।



## जिस तर्ज पर विधानसभा में भाजपाइयों ने मेहनत की उसके मुकाबले लोकसभा चुनाव में मेहनत नहीं दिख

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में काफी फर्क देखा गया,जिस तर्ज पर विधानसभा चुनाव में भाजपाइयों ने मेहनत की थी उसके मुकाबले लोकसभा में कुछ माहौल अलग था,लोकसभा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय को अविभाजित कोरिया की तीनों सीट पर पूरा जोर लगाना पड़ गया था, उनकी टीम को लोगो को मनाने में खूब मेहनत करना पड़ा, और उन्होंने देखा कि संगठन में काफी कुछ ठीक नही चल रहा।

## करुणा शुक्ला हार गई थी चुनाव

वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में तब की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष करुणा शुक्ला ने भाजपा की ओर से चुनाव लड़ा था,जिसमे डॉ चरणदास महंत ने जीत हासिल की थी, करुणा शुक्ला भी कोरिया संगठन से काफी नाराज होकर गई थी,तब उन्होंने संगठन में काफी शिकायत की पर उनकी सुनी नही गई,अंत मे थक हार कर उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस में चली गई थी। अब देखना है कि सरोज पांडेय कितनी भारी पड़ती है।

## कोरिया जिले में संगठन जिलाध्यक्ष सहित दो-तीन लोगों तक ही नजर आया चुनाव के दौरान

वैसे कोरिया जिले की बात की जाए तो जिले में भाजपा का संगठन लोकसभा चुनाव के दौरान केवल दो तीन लोगों तक ही नजर आया। पूरे प्रचार अभियान में यदि खुद प्रत्याशी ने ताकत नहीं झोंकी होती तो संगठन के मत्थे वह चुनाव में कहीं भी दौड़ में नहीं थीं। पटना में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम भी जब असफल हुआ खुद प्रत्याशी यह भांप गईं की कोरिया जिले में वह जब तक स्वयं ध्यान नहीं देगीं परिणाम सार्थक नहीं होगा और वही हुआ भी अंत में जब उन्होंने मोर्चा सम्हाला तब संगठन के कर्मठ कार्यकर्ता एकजुट हुए और कुछ मेहनत मैदान में नजर आया।

## प्रत्याशी की जीत से ज्यादा परिवार के लोगों को मंच पर लाने में व्यस्त दिखा भाजपाइयों का जिम्मेदार खेमा

भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए जितनी मेहनत जिम्मेदार भाजपाई करते नजर नहीं आए उससे ज्यादा यह देखने को मिला की परिवार के लोग मंच पर आगे नजर आएं यह जिम्मेदार भाजपाइयों की मंशा नजर आती रही। एक तरह से चुनाव प्रचार के दौरान परिवारवाद की छवि मंचो पर कोरिया जिले में नजर आई वहीं कर्मठ भाजपाई उपेक्षित नजर आए। कुल मिलाकर प्रत्याशी ने जिसपर विश्वास किया सभी ने अपना उल्लू साधने का भरसक प्रयास किया उनके संसाधनों के बलबूते।

## कुछ ने समाज प्रमुखों के नाम पर भी प्रत्याशी को खर्च में डाला,प्रत्याशी के लिए कोरिया जिला खर्चीला हुआ साबित

कुछ भाजपा नेताओं ने प्रत्याशी को समाज प्रमुखों के नाम पर भी खर्च में डाला,कुल मिलाकर प्रत्याशी के लिए कोरिया जिला खर्चीला रहा। वैसे बताया जा रहा है की जो लोग प्रत्याशी से लोगों को मिलवा रहे थे समाज प्रमुखों के नाम पर वह अपना उल्लू सीधा कर रहे थे वहीं वह वर्तमान विधायक को कहीं न कहीं बेकाम का साबित करना चाह रहे थे। वैसे प्रत्याशी सब कुछ भांप चुकी हैं।

## प्रत्याशी की जीत मोदी की गारंटी पर है निर्भर,विभाजित कोरिया जिले में नहीं हुआ उनके लिए बेहतर मेहनत

भाजपा कोरबा लोकसभा प्रत्याशी की जीत मोदी की गारंटी पर ही कम से कम विभाजित कोरिया जिले में निर्भर है। दोनों जिले में उनके लिए समर्पण भाव से मेहनत का अभाव नजर आया। कार्यकर्ता जहां संसाधन ढूंढता रहा वहीं जिम्मेदार हवा हवाई दौड़ लगाते रहे। वैसे दो वर्गों का बेहतर उन्हे समर्थन मिला है वहीं कई अन्य वर्ग उन्हे समर्थन नहीं किया है।

## सरगुजा व कोरबा संभाग के जनप्रतिनिधि नेता दूसरे राज्यों के लोकसभा प्रत्याशी को जीत दिला देंगे या फिर अपने लोकसभा के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करा चुके?

सरगुजा और कोरबा लोकसभा क्षेत्र के जिन भाजपा नेताओं को अन्य राज्यों में लोकसभा प्रत्याशियों को जिताने का जिम्मा मिला हुआ है वह क्या अपने जिम्मेदारी वाले लोकसभा सीट के पार्टी उम्मीदवार को जीत दिला सकेंगे यह बड़ा सवाल है वहीं वह अपने लोकसभा प्रत्याशी के लिए कितनी मेहनत करके गए हैं यह भी एक बड़ा प्रश्न है। कोरबा सरगुजा में प्रत्याशियों के जीत की यदि वजह कोई बनेगा तो वह केवल मोदी नाम का सहारा बनेगा जनप्रतिनिधि नेताओं ने सरगुजा और कोरबा लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के लिए वह मेहनत नहीं की जो उन्हे करना था यह कहना उचित होगा।

# मेंटेनेंस के नाम पर दिन-दिन भर काटते थे लाइट और अभी तो आंधी तूफान भी नहीं चल रहा फिर भी बिजली का आना-जाना गर्मी में लोगों के लिए बना मुसीबत

# एक तरफ नौतपा की गर्मी लोगों को परेशान कर रही है तो वहीं बिजली विभाग की बिजली कटाई

**नोटिस चस्पा कर बिजली काटा गया था मेंटेनेंस के नाम पर...फिर क्या मेंटेनेंस हुआ कि रोज कट रही है बिजली?**



**-संवाददाता-**
**कोरिया,30 मई 2024**
**(घटती-घटना)।**

इस समय जहां तापमान इतना अधिक बढ़ चुका है कि लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे,नौतपा की गर्मी लोगों को परेशान कर रखी है वही इस परेशानी से बचने का एकमात्र विकल्प है,वह है बिजली पर बिजली भी रोज कट रही इस भीषण गर्मी में बिजली के आने-जाने से लोगों काफी परेशान है जन प्रतिनिधियों का तो ध्यान नहीं, बिजली विभाग पिछले 1 महीने से मेंटेनेंस के नाम पर नोटिस जारी कर दिन दिन भर बिजली काट के रखा लोगों ने भी सोचा कि चलो बरसात से पहले मेंटेनेंस हो जाएगा, बिजली नहीं कटेगी पर यहां पर मेंटेनेंस के बावजूद आए दिन बिजली गुल हो रही आखिर ऐसा कौन सा मेंटेनेंस किया था की रोज बिजली जा रही? मेंटेनेंस हुआ था या फिर बिजली विभाग से खाना पूर्ति करके कोरम पूरा कर रही थी? बिजली विभाग के लापरवाह अधिकारी लोगों के लिए ही मुसीबत बन गए,गर्मी के सीजन में बिजली लोगों के लिए कितना जरूरी है यह बात बिजली विभाग को पहले से ही पता रहती है जिसे लेकर वह मेंटेनेंस कर लेते हैं ताकि गर्मी व बरसात लोगों को दिक्कत ना हो पर ऐसा होता नहीं सिर्फ मेंटेनेंस के नाम पर बिजली दिनभर काटी जाती है पर मेंटेनेंस न जाने कहां होता है?

एक बार फिर बिजली विभाग की कर प्रणाली को लेकर लोग फिर से शिकायत करना शुरू कर दिया है जिले के तमाम तहसील कार्यालय वह कलेक्टर कार्यालय में बिजली कटौती को लेकर शिकायत होना शुरू हो गई है, इनवर्टर में रहने वाले लोगों के लिए तो बिजली की समस्या कम है पर बिना इनवर्टर वालों के लिए समस्या बढ़ी हुई है,इस नौतपे की गर्मी में लोग परेशान है लेकिन नौतपा का साथ देने में विद्युत विभाग भी पीछे नहीं है। विगत कुछ दिनों से पटना नगर एवम आसपास के ग्रामीण अंचलों में विद्युत की नियमित विवरण नही होने तथा असामयिक कटौती के कारण आम जन मानस एवम जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से सुधार करने के लिए एनएसयूआई कोरिया के जिला उपाध्यक्ष फरोग सिद्दीकी और जिला उपाध्यक्ष राकेश साहू ने अपने साथियों के साथ ज्ञापन सौंपा और अगर हफ्ते भर के अंदर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किए जाने की स्तिथि में कांग्रेस कार्यकर्ता एवम पटना ग्राम वासियों द्वारा बिजली ऑफिस के घेराव की बात कही। फरोग सिद्दीकी ने कहा की लगातार हो रही बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान है। व्यापारियों को व्यापार करने में दिक्कत आ रही है। वोल्टेज की भी समस्या पटना क्षेत्र में आराही है। इन्ही सभी समस्याओं के निराकरण के लिए हमने विद्युत विभाग को ज्ञापन दिया है और अगर विभाग हफ्ते भर के अंदर विद्युत व्यवस्था को सही नही करता है तो विद्युत कार्यालय का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी खुद विद्युत विभाग की होगी। इसमें मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष फरोग सिद्दीकी,राकेश साहू,शागिल सिद्दीकी,मनीष पटवा,सुहैल खान, आशुतोष सोनी,अरमान खान, शुभम साहु,शिवम साहू, आरिफ खान,अरमान खान एवं एनएसयूआई के अन्य साथीगण उपस्थित रहे।

# आरएसएस ने नारद जयंती पर किया संगोष्ठी का आयोजन,पत्रकारों का हुआ सम्मान



**-संवाददाता-**
**कोरिया,30 मई 2024**
**(घटती-घटना)।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोरिया के प्रचार विभाग द्वारा नारद जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया,इस अवसर पर पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए साथ ही पत्रकारों का सम्मान किया गया। नारद जयंती पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह संघ चालक नरेश सोनी,वरिष्ठ पत्रकार दिनेश बड़ेरिया,उत्तम कश्यप एवं जिला प्रचार प्रमुख शैलेंद्र शर्मा उपस्थित थे। नारद जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,जिसके बाद उद्बोधन की



श्रृंखला में वरिष्ठ पत्रकार दिनेश बड़ेरिया ने कहा कि विश्व के प्रथम पत्रकार नारद जी रहे वह लोक मंगल की कामना को लेकर चले थे,आज के दौर में भी पत्रकारों को लोक मंगल की कामना को लेकर चलना चाहिए। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में पत्रकारों का सम्मान तिलक लगाते हुए श्रीफल से किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जिला प्रचार प्रमुख शैलेंद्र शर्मा एवं संचालन नगर प्रचार प्रमुख अनुपम सोनी ने किया। इस अवसर पर पत्रकारों के साथ नगर कार्यवाह डाक्टर गौरवकांत बड़ेरिया,अवधेश सिंह,राहुल मिश्रा,प्रवीण पाण्डेय समेत संघ के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## नारदजी की पत्रकारिता पर देव और दानव दोनो विश्वास करते थे...

वरिष्ठ पत्रकार उत्तम कश्यप ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में नारद जी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है, नारदजी की पत्रकारिता पर देव और दानव दोनो विश्वास करते थे। उन्हें रनवास तक जाने की इजाजत थी,जनमानस में सही सूचना पहुंचाना नारद का दायित्व है। हिंदू संस्कृति में देवऋषि नारद मुनि जी का एक विशिष्ट चरित्र एवं स्थान है। देवर्षि नारद मुनि जी के हर परामर्श में और प्रत्येक वक्तव्य में लोकहित झलकता है।

## लोभ लालच में अधिकांशतः सच कहने वाले पत्रकार नही हैं...

पत्रकार संवर्त कुमार रूप ने नारद जी पर अपने अमूल्य विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारिता में लकीर के फकीर न बनें किसी लोभ लालच में अधिकांशतः सच कहने वाले पत्रकार नही हैं,वर्तमान में सच्ची पत्रकारिता दुर्लभ होती जा रही है।पत्रकारों को जनहित की पत्रकारिता को प्रेरित रहना होगा। साथ ही निष्पक्ष संवाद का आदान प्रदान ही होना आवश्यक है। अगर पत्रकार नही रहे तो जीवन सुना है। सूचनाएं नही रही तो सब कुछ अधूरा है।

## कलम पर दाग न लगने दें...

पत्रकार प्रविंद सिंह ने कहा कि अब पहले की अपेक्षा पत्रकारों के काम करने का तरीका बदला है, पत्रकारों को चाहिए कि वह अपनी कलम पर दाग न लगने दें,पूर्व के पत्रकारों ने इस परंपरा को निभाया है,नारद जयंती सच्चे पत्रकारों को प्रणाम करने का दिन है। पत्रकारों को चाहिए कि वे अपनी गरिमा,अपनी आदर्श स्थिति को बनाकर रखें।

## नारद के रूप में ढलकर ही पत्रकारिता किया जा सकता है...

आरएसएस के जिला सह संघ चालक नरेश सोनी ने कहा कि नारद के रूप में ढलकर ही पत्रकारिता किया जा सकता है,उनके चरित्र को नकारात्मक ना मानकर पत्रकारों को काम करना चाहिए। खबरें वही देनी चाहिए जो समाज के लिए लाभप्रद हो। उन्होंने कहा कि नारद जी पत्रकारिता के आदर्श हैं। वह झगड़ा भी सिर्फ सच बोलने के लिए करते थे। आज के दौर में पत्रकारिता को सच पर ही आधारित होना चाहिए। जो लोग अपनी विरासत और अपने इतिहास को याद रखते हैं इतिहास भी उन्हे हमेशा याद रखता है। उन्होंने कहा कि समाज में पत्रकारों का भय बना रहना चाहिए तभी लोग गलत काम करने से रुकेंगे। उन्होंने कहा कि लोग पत्रकारों से समाज बहुत अपेक्षाएं रखता है पत्रकारों का कर्तव्य है कि वे सकारात्मक दृष्टि से जन की बातों को प्रशासन तक और प्रशासन की बातों को जन तक पहुचाएं। निष्कपट और निश्चल भाव से यह काम होना चाहिए।

# कोरिया जिला अस्पताल में दो साल से धूल खा रहे आईसीयू के सामान








## तोड़ो बनाओ की रणनीति पर जिला अस्पताल... मरीजों की सुविधाओं की नही है किसी को सुध

-रवि सिंह-
कोरिया,30 मई 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग के हाल बेहाल पर हमेशा सवाल उठाता रहा है,वहीं जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं पर ना तो सीएमएचओ को कोई लेना-देना है और ना ही सीएस इसके लिए तैयार है, बस तोडो बनाओं और सीज खाते से राशि निकालों की तर्ज पर काम हो रहा है,इसके लिए अब लोक निर्माण विभाग से प्राक्कलन तक लेना उचित नहीं समझा जा रहा है। जबकि जीवनदीप समिति के गाईडलाइन में वो शामिल है।

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में सिविल के कार्यो में अब कुछ चिकित्सक लगे हुए है। वो सीधे कार्यादेश देकर निर्माण कार्य करवा रहे है। जबकि जीवनदीप समिति की गाईडलाइन कुछ और कहती है।




अस्पताल प्रबंधन निर्माण एजेन्सियों से किसी भी प्रकार का प्राक्कलन नहीं ले रहा है। जीवनदीप समिति की गाइडलाइन के अनुसार 50 हजार के उपर के निर्माण कार्यो की अनुमति कलेक्टर से लेकर खुली निविदा आमंत्रित कर किया जाना चाहिए और सिविल निर्माण कार्य में निर्माण एजेंसी से प्राक्कलन लेना जरूरी है। दूसरा एल्यूमेनियम के काम में उसे वजन के आधार पर लेने का प्रावधान है,जबकि यहां फीट के हिसाब से काम करवाया जा रहा है, इसमें बिल की राशि बढ़ जाती है,जबकि लोक निर्माण विभाग के एसओआर दर 2015 के आधार पर एल्यूमेनियम के कार्य वजन के आधार पर क्रय किये जाने का नियम और इससे लेने में ज्यादा मात्रा की सामग्री प्राप्त होती है। इस तरह हमेशा ही तोड़ो और बनाओं की रणनीति पर अस्पताल प्रबंधन काम कर रहा है, अभी इसकी रफ्तार इसलिए बढ़ गयी है कि कही 4 जून के बाद आचार संहिता के हटते ही ट्रांसफर ना हो जाए।

### 22 बिस्तरीय आईसीयू वार्ड बना स्टोर

मरीजों की सुविधा के लिए तत्कालिन कांग्रेस सरकार ने 22 बिस्तरीय आईसीयू वार्ड का निर्माण करवाया,आटोमेटिक पलंग से लेकर तमाम वेंटिलेटर,सेंटर मॉनिटर के साथ अन्य महंगे इलैक्ट्रनिक उपकरण सीजीएमएससी के द्वारा खरीदी गई थी परन्तु आईसीयू वार्ड शुरू नहीं हो सका,अब उस वार्ड में स्टोर का सामान रखवाया जा रहा है और जिला अस्पताल की पहली मंजिल पर संचालिक आईसीयू वार्ड बेहद सकरा है जहां मरीजों को सुविधाओं का टोटा बताया जा रहा है यहां मात्र तीन बेड ही है,कुछ को बाहर बेड लगाकर इलाज करना होता है, परन्तु अस्पताल प्रबंधन को इससे कोई लेना देना नही है।

### तोड़ो और बनाओ की रणनीति

जिला अस्पताल के ब्लड बैक के सामने 2016 में श्रवण परीक्षण कक्ष हुआ करता था,एल्युमीनियम सेक्शन के तहत उसका निर्माण कराया गया था। बाद में उसे तीसरी मंजिल पर शिफ्ट कर दिया गया और उसे तोड़ दिया गया,बचा एल्युमीनियम का सामान गायब हो गया,बस मौका देखते ही अब यहां नया एल्युमीनियम सेक्शन के तहत काम करवा दिया गया है और ब्लड बैंक के सामने की जगह को एल्युमीनियम सेक्शन से घेरने की प्रक्रिया होने वाली है, यहां थोडा खुला स्थान है और यहां मरीजों के परिजन और ब्लड डोनेट करने वाले आकर बैठा करते है, अब इसे पूरी तरह बंद करने की तैयारी है। तोड़ो और नया बनाओं की तर्ज पर काम हो रहा है।

### डॉयलीसिस कक्ष को कर दिया शिफ्ट

पूर्व में डायलीसिस के मरीजों को बड़े हालनुमा कक्ष में रखा गया था, उस पर अस्पताल प्रबंधन ने काफी खर्च किया था अब उसे सभाकक्ष बना दिया गयाा है,जबकि यहां कभी कभार ही कोई महत्वपूर्ण बैठक होती है, उस जगह से डायलीसिस वार्ड को हटाकर उसे छोटे हाल में शिफ्ट कर दिया गया है, अस्पताल प्रबंधन का बार बार खर्च बढ़े इस पर पूरा जोर है, डायलीसिस वार्ड में नियमित एक चिकित्सक की नियुक्ति जरूरी है, वो यहां नही है, डायलीसिस के साथ नेफ्रोलॉजिस्ट का समय-समय पर विजीट जरूरी है,इसके लिए अब तक कोई प्रयास नहीं किए है,संस्था का कहना है कि नेफ्रोलॉजिस्ट ऑनलाइन मरीजो को देख लेते है। ऐसे में आप सहज अंदाजा लगा सकते है कि अस्पताल प्रबंधन मरीजों की सुविधाओं को लेकर कितना संजीदा है। डायलीसिस सिर्फ टेक्नीशियन के भरोसे हो रहा है।

### व्हील चेयर और ट्राली के लिए पैसे नही

जिला अस्पताल में दूर दराज से आने वाले मरीजों के लिए व्हील चेयर और ट्रॉली की कोई व्यवस्था नही है,जब जरूरत होती है या किसी बड़े आदमी को जरूरत पड़ती है तो व्हील चेयर को निकाल कर दिया जाता है। बताया जाता है कि इसके लिए प्रबंधन में पास राशि का अभाव है, जबकि जीवनदीप समिति में तमाम निर्माण कार्य के लिए और चाय नाश्ते के खर्च के लिए राशि की कमी नही है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेमरू में मदर्स पिकनिक का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा,30 मई 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, जच्चा और बच्चा के स्वास्थ्य के लिए विभिन्न सुविधाओं का विस्तार करने में प्रयासरत हैं। कोरबा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेमरू में सी-थ्री इंडिया के सहयोग से भारत सरकार के सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन कार्यक्रम)के अंतर्गत मदर्स पिकनिक का आयोजन किया गया। क्षेत्र की गर्भवती माताओं को प्रसव के समय सुखद अनुभव कराने, स्वास्थ्य देखभाल व संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं से अवगत कराया गया। गर्भवती माताओं के मन में डर को दूर करने के लिए सी.एच.ओ. सुमन यादव के द्वारा चिकित्सालय के पंजीयन कक्ष, चिकित्सक कक्ष, दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष, लैब, वार्ड, गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं, दवाईयों के लाभ ,प्रसव पूर्व जॉच कराने के फायदे तथा



गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं के विश्वव्यापी 12 स्वास्थ्य अधिकारों की जानकारी दी गई तथा विभागो में कार्यरत चिकित्सको, कर्मचारियो से परिचय कराया गया जिससे उनके मन में जो भ्रम या डर है वो समाप्त हो साथ यह बताया गया कि आपकी निजता का ध्यान रखते हुए आपको सम्मानपूर्ण, निःशुल्क प्रसव देखभाल चिकित्सालय में प्राप्त होंगी जिससे वो चिकित्सालय में ही प्रसव कराने आए। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ.विवेक पटेल, चिकित्सा अधिकारी आयुष डॉ.बी. डी. नायक, चिकित्सालय के समस्त कर्मचारियों, सी थ्री इंडिया के ब्लाक तथा एरिया कोआर्डिनेअर तथा मितानिनो का विशेष सहयोग रहा।

## खदान के अंदर डीजल चोरी करने घुसे चोरों को सीआईएसएफ की टीम ने पकड़ा

-संवाददाता-
कोरबा,30 मई 2024
(घटती-घटना)।

खदान के अंदर घुस कर डीजल चोरी कर भागने के प्रयास कर रहे तीन युवकों को सीआइएसएफ की टीम ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा। टीम ने आरोपितों के पास से ड्रम में भरा 50 लीटर डीजल जब्त किया है। कुछ अंतराल के बाद फिर एक बार डीजल चोर आस पास के खदानों में होने लगे है सक्रिय । साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की खदानों में डीजल चोरी का सिलसिला पुनः शुरू हो गया है। चोर द्वारा बेधड़क वाहन लेकर खदान में घुस रहे हैं और खदान में खड़े भारी वाहनों से डीजल निकाल कर ड्रम में भर कर डीजल चोरी को अंजाम देने लगे हैं। बताया जा रहा है कि गत रात एसईसीएल दीपका खदान में कुछ अज्ञात चोर डीजल चोरी करने घुसे और डीजल चोरी कर भागने लगे। इस दौरान एसईसीएल दीपका परियोजना में सुरक्षा सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ दिनेश पासवान अपनी सीआइएसएफ क्यूआरटी टीम के साथ एलके-दो पंप साइड के पास निरीक्षण के लिए गए हुए थे,तभी उन्होंने खदान में खड़ी पीसी वाहन मशीन 10180 से एक अन्य कैम्पर वाहन में डीजल चोरी कर भाग रहे तीन युवकों को देखा और उनका पीछा कर पकड़ा लिया गया । टीम द्वारा जांच के दौरान उनके कैंपर वाहन में 200 लीटर का ड्रम रखा हुआ मिला। जिसमे 50 लीटर डीजल भरा हुआ मिला जिसे जब्त कर आरोपित व जब्त डीजल को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया । पुलिस ने दिनेश पासवान की रिपोर्ट पर आरोपितों के विरूद्ध धारा 379, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपितों को गिरफ्तार कर आगे कार्रवाई कर रही है ।

## प्यास बुझाने तालाब में पहुंचे चीतल पर आवारा कुत्तों ने किया हमला

-संवाददाता-
कोरबा,30 मई 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा जिले के आस पास के जंगलो में गर्मी के चलते पानी की कमी हो जाने से इन दिनों वन्य प्राणियों को अत्यंत मुश्किलों का सामना करना पर रहा है । जिसके कारण वन्य प्राणी भोजन-पानी की तलाश में आस पास के जंगलों से निकलकर गांव की ओर आ रहे है। और ऐसे में भोजन-पानी की तलाश में निकले ये वन्य प्राणी कई बार आवारा कुत्तों का शिकार बन जाते है। जिससे उनकी मृत्यु भी हो जाती है। ऐसा ही एक घटना कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत पाली रेंज के ग्राम छिंदपानी में घटित हुई, जहां लगभग प्रातः 8 बजे पानी के तलाश में तालाब पहुंचे एक चीतल पर ग्राम के कुछ आवारा कुत्तों ने



हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से चीतल की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो जाने की जानकारी दी गई हैं। बताया जा रहा हैं की तालाब में नहाने पहुंचे कुछ ग्रामीणों ने यहां चीतल को मरा हुआ देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर रेंजर संजय लकड़ा के निर्देश पर वन अमला घटनास्थल पर पहुंचा और मृत चीतल को कब्जे में ले पशु चिकित्सक पाली के द्वारा पोस्टपार्टम कराने के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है । बताया गया के मृत नर चीतल की उम्र लगभग 5 वर्ष थी।

## दो घंटे के भीतर बलात्संग का कथित आरोपी युवक हुआ गिरफ्तार



-संवाददाता-
कोरबा,30 मई 2024
(घटती-घटना)।

जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर महिला संबंधी व संवेदनशील अपराधों के मामलों में रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में दीपका पुलिस ने रिपोर्ट लिखने के दो घंटे के भीतर बलात्संग के कथित आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। दीपका थाना प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी ने बताया कि क्षेत्र की पीड़िता के द्वारा कथित आरोपी निवासी बोईदा थाना हरदीबाज़ार के विरुद्ध लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बलात्संग करने की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी। जिस पर धारा 376 (2) (एन) भादवि के तहत अपराध दर्ज कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान के मार्गदर्शन में उसकी पतासाजी कर रिपोर्ट के मात्र दो घंटे के भीतर युवक को फरार होने से पूर्व गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा विधिवत कार्रवाई उपरांत उसे न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल कराया गया है।

## पार्षद के साथ विधायक ने धोए बुजुर्गों के पैर,जरूरतमंदों को खिलाया खाना

-संवाददाता-
प्रतापपुर,30 मई 2024 (घटती-घटना)।

नगर पंचायत प्रतापपुर में वार्ड नम्बर सात के पार्षद अरविंद जायसवाल अपने जन्म दिन को उत्सव के रूप में मना रहे हैं और हर सप्ताह किसी न किसी वार्ड में कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। वार्ड नंबर दो,पंद्रह के बाद आज वार्ड नंबर आठ में जरूरतमंदों के लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया जिसमें स्थानीय विधायक शकुंतला पोर्ते भी शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरूवात में सबसे पहले पार्षद अरविंद जायसवाल और विधायक शकुंतला पोर्ते ने बुजुर्गों के पैर धोए और उनसे आशीर्वाद लेकरफ शाल देकर उनका सम्मान किया। इसके बाद कार्यक्रम में आए जरूरतमंदों को भोजन कराया। इस दौरान शकुंतला पोर्ते ने कहा कि अरविंद अपना जन्म दिन पखवाड़े के रूप में जरूरतमंदों के बीच मना रहे हैं, जो सराहनीय है। हर आदमी को गरीबों की सेवा करनी चाहिए क्योंकि इससे बड़ा पुण्य कुछ और नहीं है। अरविंद जायसवाल ने कहा कि उनकी इच्छा हमेशा से समाजसेवा की होती है और वे जरूरतमंदों की विभिन्न तरीकों से मदद करना चाहते हैं। इसके पीछे उनका कोई स्वार्थ नहीं है। इस काम से उन्हें शुकून मिलता है और वे निरंतर जनसेवा करते रहेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्ड नंबर आठ के लोगों के साथ उनकी पत्नी, अंजना जायसवाल, प्रेमपाल अग्रवाल, नरेंद्र गर्ग, अक्षय तिवारी, लाल संतोष सिंह,पवन गोयल,लक्ष्मी गुप्ता,अंबिका जायसवाल,मुकेश अग्रवाल,विजेंद्र कश्यप काजू,लालजी



कश्यप, बासराम बघेल, अनूप गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, गुलाब मोहन तिवारी, शंकर नायक, लाल बहादुर गुप्ता, तोलन नायक, अंकुर बंसल, अमित सिंघल, विकास तिवारी, बालकृष्ण आचार्य, प्रशांत सिंह, अजय जायसवाल, बबली सिंह, चंदा सिंह, विशाल गुप्त, मीना पैकरा सहित अन्य उपस्थित थे।

### पांच निर्धन कन्याओं की कराएंगे शादी

कार्यक्रम के दौरान पार्षद अरविंद जायसवाल ने बताया कि वे अपने समाज सेवा के कामों को आगे बढ़ाएंगे और कई तरह के काम करेंगें। उनका अगला लक्ष्य क्षेत्र की पांच निर्धन कन्याओं की शादी कराने की है और उसका पूरा खर्च वे स्वयं वहन करेंगें। उन्होंने निर्धन परिवार से विवाह योग्य बेटियों की शादी के लिए संपर्क करना शुरू कर दिया है।

## मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में आध्यात्मिक शिव गुरु महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

-संवाददाता-
प्रतापपुर,30 मई 2024 (घटती-घटना)।

प्रतापपुर ग्राम करंजवार के मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में आध्यात्मिक शिव गुरु महोत्सव शिव शिष्य परिवार के द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोग आए। बहुतों ने शिव को अपना गुरु बनाया और दिनभर प्रसाद भंडारा भी चलता रहा । शंकर भगवान के मीठे भजनों द्वारा संगीत का कार्यक्रम दिन भर चलते रहा। जिसमें प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते भी पहुंची और शिव गुरु से आशीर्वाद ले पूजा अर्चना की तथा शिव चर्चा भजनों में सम्मिलित हुई । सभी के साथ में मिलकर भजन गया तथा परिवार के लोगों से भेंट मुलाकात करते हुए आशीर्वाद लिए। इस दौरान अपने क्षेत्रीय विधायक को अपने बीच में पाकर ग्रामीण जन गदगद हुए और भारी संख्या में लोग उपस्थित थे । दुर्गा मंदिर के पुजेरी पंडा कन्हैया साहू ने आत्मिक रूप से सभी का स्वागत किया तथा शिव परिवार से जुड़ने का आग्रह किया। भजन कीर्तन के माध्यम से भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, मां दुर्गा, मां काली सहित विभिन्न देवी देवताओं के भक्ति में गीतों पर एक से एक भजनों के माध्यम से पूरा माहौल भक्ति में रहा । इस दौरान आशीष गोयल, हरिशंकर गुप्ता, गुलाब मोहन तिवारी,अक्षय तिवारी,अंबिका जायसवाल,अंकुर जायसवाल, प्रफुल्ल गुप्ता,सोमरू दास, लोकनाथ, कर्म मानिकपुरी, शिवनारायण, बिक्रम नामदेव,मुरारी लाल कृष्णा, कृष्णा, लीलावती साहू,लीलावती मानिकपुरी,बेलावती,कविता पप्पल जायसवाल, सहित भारी संख्या में महिला पुरुष बच्चे स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे जिन्होंने मां दुर्गा का आशीर्वाद लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क0......./अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक नसीम अंसारी, पिता स्व.सलीम अंसारी जाति जुलाहा निवासी सदर रोड़ बरेजपारा अम्बिकापुर ,तहसील अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,(छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम-कांतिप्रकाशपुर तहसील -अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं0136/8 रकबा 0.170 हे0 में से 0.062 हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की ,खसरा ,नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र सेटलमेंन्ट ,रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित प्रस्तुत किया हैं, जो इस न्यायालय में विचााराधीन हैं।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 13/06/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(रा0) अम्बिकापुर

# भारत-पाकिस्तान क्रिकेट विश्व कप मैच को लेकर बड़ी धमकी

**» आईएसआईएस ने ब्रिटिश चैट साइट पर क्रिकेट स्टेडियम की एक तस्वीर पोस्ट की है जिसमें ऊपर ड्रोन उड़ रहे हैं,जिस पर भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख 9/06/2024 लिखी हुई है...**



**न्यूयॉर्क,30 मई 2024।** आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अगले महीने न्यूयॉर्क में होने वाले भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप क्रिकेट मैच के खिलाफ एक धमकी जारी की है। इसके बाद यहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि उन्होंने न्यूयॉर्क पुलिस को सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, जिसमें कानून प्रवर्तन की मौजूदगी बढ़ाना, निगरानी और गहन जांच प्रक्रिया शामिल है।

न्यूयॉर्क शहर की सीमा पर स्थित नासाउ काउंटी के प्रमुख ब्रूस ब्लेकमैन ने कहा, हम हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम सभी सावधानियां बरत रहे हैं। उन्होंने कहा, हम हर धमकी को गंभीरता से लेते हैं। हर खतरे के लिए एक ही प्रक्रिया है। हम खतरों को कभी कम नहीं आंकते। हम अपने सभी सुरागों का पता लगाते हैं।

इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन को आईएसआईएस के नाम से जाना जाता है। इसने ब्रिटिश चैट साइट पर क्रिकेट स्टेडियम की एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसके ऊपर ड्रोन उड़ रहे हैं, जिस पर भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख 9/06/2024 लिखी हुई है। पोस्ट का स्क्रीनशॉट एनबीसी न्यूयॉर्क टीवी की एक समाचार रिपोर्ट पर प्रसारित किया गया।

न्यूयॉर्क के अधिकारियों ने आईएसआईएस पोस्ट को कोई ख़ास तवज्जो नहीं दी और इसे कम करके आंका। हालांकि उन्होंने कहा कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। सुरक्षा उपायों को बढ़ा रहे हैं और किसी भी स्थिति के लिए संसाधन जुटा रहे हैं।

होचुल ने कहा, हालांकि इस समय कोई सार्वजनिक सुरक्षा खतरा नहीं है, हम स्थिति पर बारीकी से नज़र रखना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, मेरा प्रशासन संघीय कानून प्रवर्तन और नासाउ काउंटी के साथ महीनों से काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि न्यूयॉर्क के लोग और यहां आने वाले लोग सुरक्षित रहें।

नासाऊ काउंटी के पुलिस आयुक्त पैट्रिक राइडर ने कहा कि अभी तक, कोई विश्वसनीय खतरा नहीं है, लेकिन उनका विभाग स्थिति पर नजर रखे हुए है।

क्रिकेट स्टेडियम की क्षमता 30,000 है। यह विशेष रूप से टूर्नामेंट के लिए बनाया गया है।टी20 वर्ल्ड कप 1 जून को भारत और बांग्लादेश के बीच एक प्रदर्शनी मैच के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 3 जून से नियमित टूर्नामेंट मैच शुरू होंगे।

एनबीसी न्यूयॉर्क ने कहा कि विश्व कप आयोजन के लिए सुरक्षा की तैयारियां नासाऊ काउंटी द्वारा अब तक की सबसे बड़ी तैयारियां हैं और इसे अमेरिकन प्रेसिडेंशियल डिबेट के बराबर माना जा रहा है। ब्रिटिश सूचना तंत्र ने सबसे पहले इस खतरे के बारे में बताया। उसने कहा कि ऐसा ही खतरा यूरोप में खेल आयोजनों के खिलाफ भी था। इसने कहा कि आईएसआईएस के फ़ॉलोअर्स को क्रिकेट विश्व कप सहित प्रमुख आयोजनों को निशाना बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।ब्रिटिश वेबसाइट मैट्रिक्स पर पोस्ट किए गए चैट ग्रुप पर एक्सप्रेस ने कहा, फोरम पर इस बात पर भी चर्चा हुई कि आतंकवादी समूह को यूरोप में प्रमुख खेल आयोजनों में नागरिकों की हत्या करने के लिए विस्फोटकों से लदे ड्रोन का उपयोग कैसे करना चाहिए।

एक्सप्रेस ने कहा, स्टेडियम की धमकियों को साझा करने वाले चैट रूम के सदस्यों ने एके 47 राइफल से फायरिंग सहित अपने आतंकी कौशल बताए, और पाउंड स्टर्लिंग में धनराशि पर चर्चा की, जिससे पता चलता है कि इसके कुछ लोग ब्रिटेन में हो सकते हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### श्रीजा अकुला ने कैसे ओलंपिक टीम में अपनी जगह बनाई



**तेलंगाना,30 मई 2024।** हैदराबाद की 25 वर्षीय पैडलर अपनी पहली ओलंपिक उपस्थिति के लिए तैयार हो रही है, कोच सोमनाथ घोष ने उसके अब तक के सीज़न और पेरिस की योजना पर चर्चा की। हैदराबाद की 25 वर्षीय खिलाड़ी ने 2024 सीज़न की शुरुआत शानदार फॉर्म में की। लेकिन अप्रैल में, उसने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, क्योंकि उसने अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ की महिला एकल चार्ट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग 38 हासिल की। यह एक ऐसा मुकाम था जिसने उसे कुछ समय के लिए अनुभवी मनिका बत्रा को पछाड़कर सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बना दिया। यह उपलब्धि कुछ रजत पदकों के बिना नहीं मिली। जनवरी में, उसने अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट टेक्सास, यूएसए में ङ्खञ्जञ्ज फीडर कॉर्पस क्रिस्टी 2024 में जीता, जहाँ उसने फाइनल में संयुक्त राज्य अमेरिका की लिली झांग को 3-0 से (11-6, 18-17, 11-5) शानदार जीत दिलाई।

## इगा स्वियाटेक ने मैच अंक बचाकर नाओमी ओसाका को हराया

**पेरिस,30 मई 2024।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने निर्णायक सेट में 0-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5-3 के स्कोर पर मैच अंक बचाते हुए नाओमी ओसाका को हराकर बुधवार को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।दो चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेताओं के बीच मुकाबले में शीर्ष वरीय स्वियाटेक ने वापसी करते हुए स्कोर 5-5 से बराबर किया और कोर्ट फिलिप चैटरियर की छत के नीचे 7-6(1), 1-6, 7-5 से जीत हासिल की।स्टेडियम की छत पर बारिश की बूंदें गिर रही थीं और इसने अन्य कोर्ट पर मैचों में बाधा डाली। पोलैंड की स्वियाटेक को दूसरे राउंड के टेस्ट में पूर्व नंबर एक ओसाका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। अपनी बेटी के जन्म के बाद वापसी के पांचवें महीने में ओसाका ने स्वियाटेक के माथे पर पसीना ला दिया।



संघर्षपूर्ण और रोमांचक मैच, जो चैंपियनशिप फ़ाइनल होने का अहसास दे रहा था, में विश्व रैंकिंग में 134 वें नंबर की खिलाड़ी जापानी स्टार ओसाका ने 2019 जैसा प्रदर्शन किया, जब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था और विश्व में नंबर एक रैंकिंग हासिल की थी। लेकिन अंत में स्वियाटेक ने अपनी बची ऊर्जा का इस्तेमाल किया और विजेता बनीं।

यह स्वियाटेक की रौलां गैरो में लगातार 16वीं जीत है जो जस्टिन हेनिन के 2005-10 के बीच लगातार 24 मैच जीतने के बाद सर्वाधिक है। स्वियाटेक की यह इस वर्ष की लगातार 14वीं जीत है।

ओसाका ने ज्यादा अंक जीते, ज्यादा विनर्स लगाए और ज्यादा सर्विस ब्रेक हासिल किये लेकिन स्वियाटेक ने तब अंक हासिल किये जब ज्यादा जरूरत थी।

पहले दो सेट बांटने के बाद ओसाका ने निर्णायक सेट में 3-0 की बढ़त बनायी और 5-3 के स्कोर पर मैच के लिए सर्विस कर रही थीं। लेकिन 30-30 के स्कोर पर वह अपना फोरहैंड नेट में मार बैठीं और फिर बैकहैंड हवा में उछाल बैठीं। स्वियाटेक के दूसरे ब्रेक अंक पर ओसाका ने आसान बैकहैंड को बाहर मार दिया और मैच वापस सर्विस पर लौट आया।ओसाका अंत में मैच समाप्त नहीं कर सकीं। ओसाका ने 5-5 के स्कोर पर सर्विस करते हुए कुछ थके हुए फोरहैंड लगाए और डबल फाल्ट कर स्वियाटेक को 6-5 की बढ़त दे दी।12वें गेम में स्वियाटेक ने बैकहैंड क्रॉसकोर्ट विनर लगाकर 40-15 की बढ़त बना ली। ओसाका की एक और बैकहैंड गलती ने उन्हें हार झेलने के लिए मजबूर कर दिया।इस बीच तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने पूर्व रौलां गैरो सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक को एक घंटे 31 मिनट में 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

## प्रग्नानंदा ने कार्लसन को हराकर क्लासकिल शतरंज में रचा इतिहास

**» सोशल मीडिया पर लगा बधाइयों का तांता**



**नई दिल्ली,30 मई 2024।** भारत के स्टार शतरंज खिलाड़ी रमेशबाबू प्रग्नानंदा ने क्लासकिल शतरंज में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर नया इतिहास रच दिया है, उनकी इस जीत पर सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है। भारत के इस युवा खिलाड़ी ने नॉर्वे चेस 2024 के तीसरे दौर में सफेद मोहरों से खेलते हुए मैग्नस कार्लसन को हराया।

18 वर्षीय भारतीय ग्रैंडमास्टर ने कार्लसन के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर 5.5 अंकों के साथ लीडर पोजीशन हासिल की । कार्लसन और प्रग्नानंदा ने इस प्रारूप में अपने पिछले तीन मुकाबलों में ड्रॉ खेला था, जिनमें से दो विश्व कप 2023 फाइनल में थे।प्रग्नानंदा की विश्व में नंबर 1 नॉर्वे के खिलाड़ी पर जीत के बाद, सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। एक अन्य यूजर ने लिखा, एक शानदार न्यूज के साथ एक अच्छी सुबह। भारत के 18 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी ष्प्रग्नानंदा ने क्लासिकल गेम में पहली बार विश्व में नंबर 1 ष्मैग्नस कार्लसन को हराने में कामयाबी हासिल की।

एक प्रशंसक ने एक्स पर पोस्ट किया, यह जीत वाकई खास है, कार्लसन को उनके घर में हराना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।एक अन्य ने एक्स पोस्ट में लिखा,यह वह प्रदर्शन है जो भारत को गौरवान्वित कर रहा है। वह एक चैंपियन है! प्रग्नानंदा को बहुत-बहुत बधाई! यह एक बड़ा मैच है जो उन्होंने मैग्नस कार्लसन के खिलाफ खेला और जीता। ञ्प्रग्नानंदा धन्यवाद।

एक यूजर ने लिखा,आर प्रग्नानंदा आप शानदार हैं। निश्चित रूप से हमें एक अगला विश्वनाथन आनंद मिलने वाला है।

## लावण्या और वरुण ने लंदन में लुत्फ उठाया



सेलिब्रिटी मूवमेंट लावण्या, वरुण तेज ने लंदन में रोमांटिक गेटअवे का लुत्फ़ उठाया लवबर्ड्स लावण्या त्रिपाठी और वरुण तेज लंदन में एक शानदार छुट्टी के साथ अपनी गर्मियों की छुट्टी का लुत्फ़ उठा रहे हैं। इस जोड़े को शहर की खूबसूरत सड़कों पर घूमते हुए, इसके आकर्षण में डूबते हुए और रास्ते में यादगार पलों को कैद करते हुए देखा गया है। लावण्या ने हाल ही में एक शानदार लाल स्वेटर में सुर्खियाँ बटोरीं, एक क्लासिक लाल टेलीफोन बूथ के बगल में एक चंचल पोज़ देते हुए, वरुण के साथ एक मनमोहक जुड़वाँ पल बनाया। उनके सोशल मीडिया अपडेट्स से प्रशंसकों को लंदन में उनके रोमांच की झलकियाँ मिल रही हैं, जिसमें उनकी आकर्षक मुस्कान और सुकून भरा माहौल देखने को मिल रहा है, क्योंकि वे साथ में बिताए अपने समय का भरपूर आनंद ले रहे हैं। यह स्पष्ट है कि लावण्या और वरुण लंदन में अपने रोमांटिक रोमांच के हर पल का आनंद ले रहे हैं।

## शिवानी बैकलेस साड़ी में कर दिया कमाल

परंपराओं को तोड़ते हुए, शिवानी राजशेखर ने एक बोल्ड फोटोशूट के साथ प्रशंसकों को चौंका दिया, पारंपरिक साड़ी को छोड़कर एक सेक्सी मैरून पहनावा पहना। बैकलेस, स्लीवलेस हॉल्टर नेक ब्लाउज पहने हुए, उन्होंने आत्मविश्वास और आकर्षण दिखाया,जिससे उनका सुडौल शरीर और भी निखर कर सामने आया। कम से कम गहनों और ढीले-ढाले बालों के साथ, शिवानी ने साड़ी को सुर्खियों में आने दिया, जिससे उनका नया बोल्ड अवतार सामने आया। अपरंपरागत लुक ने व्यापक प्रशंसा बटोरी, जो उनके सामान्य स्टाइल से अलग है और उन्हें एक उभरते हुए फैशन आइकन के रूप में स्थापित करता है।



## छोटे पर्दे की अदाकारा जेनिफर विंगेट



छोटे पर्दे की मशहूर अदाकारा जेनिफर विंगेट लाखों दिलों पर राज करती हैं। उन्होंने अपनी शानदार एक्टिंग से फैंस का दिल जीता है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। फैंस उन्हें सोशल मीडिया के जरिए बधाई दे रहे हैं। आइए एक नजर डालते हैं उनके दिलचस्प सफर पर।

जेनिफर विंगेट का जन्म 30 मई 1985 को मुंबई में हुआ था। करण सिंह ग्रोवर से हुआ था प्यार बॉलीवुड इंडस्ट्री में रिश्तों का टूटना और बनना आम बात है, लेकिन जिस इंसान से हम इतना प्यार करते हैं वो कभी हमारा नहीं हो पाता... ये बहुत दिल तोड़ने वाला होता है।

जेनिफर विंगेट और करण सिंह ग्रोवर की लव स्टोरी भी कुछ ऐसी ही है। दोनों ने साल 2012 में धूमधाम से शादी की थी, लेकिन ये शादी ज्यादा दिन नहीं चली। दो साल के अंदर ही यानी 2014 में दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया। दोनों को इंडस्ट्री का सबसे क्यूट कपल कहा जाता था।

जेनिफर और करण की पहली मुलाकात दिल मिल गए के सेट पर हुई थी। इसी दौरान दोनों करीब आए। आपको बता दें कि तब करण शादीशुदा थे। श्रद्धा निगम उनकी पत्नी थीं। शो की शूटिंग के दौरान ही करण ने श्रद्धा को तलाक दे दिया था। इसके बाद करण को जेनिफर से प्यार हो गया। साल 2012 में दोनों ने अपने रिश्ते को शादी का नाम दिया, लेकिन ये शादी ज्यादा दिन नहीं चल सकी। जेनिफर अभी भी सिंगल हैं जेनिफर को करण से अलग हुए कई साल हो चुके हैं। लेकिन आज भी वो सिंगल लाइफ जी रही हैं। एक्ट्रेस अपनी शानदार एक्टिंग के साथ-साथ अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। जेनिफर के पिता क्रिश्चियन मराठी हैं और उनकी मां पंजाब से हैं। इसलिए वो हिंदी, मराठी और पंजाबी भाषा बोलती हैं। इतना ही नहीं जेनिफर को साल 2012 में 21वीं सबसे सेक्सी एशियाई महिला चुना गया था। जेनिफर ने बेहद 2, सरस्वतीचंद बेपनाह से अपनी खास पहचान बनाई थी।

## अमिताभ ने ऐश्वर्या का नहीं लिया नाम तो भड़के फैंस




सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने हाल ही में साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म बंटी और बबली के लोकप्रिय गाने कजरा रे को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है। उन्होंने गाने के बारे में तो बात की है लेकिन उसका हिस्सा रहीं अपनी बहू ऐश्वर्या राय बच्चन का जिक्र तक नहीं किया। इसके बाद ऐश्वर्या के फैंस अमिताभ से नाराजगी जता रहे हैं। दरअसल अमिताभ ने 27 मई को एक ट्वीट को रि-ट्वीट किया था। इसे उनके बेटे एक्टर अभिषेक बच्चन के फैन पेज पर शेयर किया गया था, जिसमें लिखा था, अभिषेक बच्चन, बंटी और बबली फिल्म के 19 साल। इस पोस्ट को रि-ट्वीट करते हुए अमिताभ ने लिखा, ये गाना इतना फेमस हुआ कि आज भी ध्यान खींचता है और प्यार जगाता है...और गाने के साथ सबसे अच्छा पल वो था, जब हमने इसे स्टेज पर लाइव परफॉर्म किया था। बिग बी द्वारा ऐश्वर्या का उल्लेख नहीं करने से फैंस बहुत नाराज हो गए और अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- माफ करना, लेकिन कजरा रे पूरी तरह से ऐश्वर्या राय के ऊपर ही था। आप दोनों उस गाने में सपोर्टिंग डांसर थे। एक दूसरे शख्स ने कमेंट किया, इस गाने में ऐश्वर्या भी थीं। आप या अभिषेक बच्चन ने उन्हें टैग क्यों नहीं किया। क्या आप लोग ऐश्वर्या को इग्नोर कर रहे हैं।उल्लेखनीय है कि पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या के साथ बच्चन परिवार का रिश्ता सही नहीं चल रहा। कई दिनों से खबरें आ रही हैं कि ऐश्वर्या और अभिषेक का तलाक होने वाला है। बच्चन फैमिली में कई ऐसी बातें देखने को मिली हैं, जिससे इन अटकलों ने जोर पकड़ा हुआ है।

# भीषण गर्मी और बिजली की कटौती...लोग हो रहे हलाकान

### » 4 महीने में तेज़ी से बढ़ी बिजली की डिमांड

**रायपुर,30 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में इस साल भीषण गर्मी पडने् की वजह से बिजली की खपत बढ़ गई है। हालांकि मई महीने के पहले सप्ताह से मौसम में आए बदलाव की वजह से बिजली की खपत में थोड़ी बहुत कमी आई है, लेकिन पिछले सालों की तुलना में बिजली खपत में काफी वृद्धि हुई है। दरअसल बिजली कंपनी के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, बिजली की खपत हर साल करीब 10 फीसदी बढ़ती है और खपत में यह विधि सामान्य है ,क्योंकि एक साल में कई नए कनेक्शन लिए जाते हैं. इससे मांग बढ़ती है। जानकारी के मुताबिक गर्मी में खपत औसतन 40 से 50 फीसदी तक बढ़ जाती है।



### पिछले साल के मुकाबल इस साल बढ़ी बिजली खपत

हालांकि अच्छी बात यह है कि मई महीने में बिजली की खपत में औसत के अनुसार वृद्धि नहीं हुई है. पिछले साल मई के 20 दिनों की औसत डिमांड खपत 343.18 मेगावाट तक पहुंच गई थी. इस साल 1 से 20 मई तक बिजली की औसत डिमांड खपत 399.18 मेगावॉट है. जिससे इस साल मई महीने में बिजली की खपत कम होने का अनुमान लगाया जा रहा है.

## क्यों बढ़ी है बिजली की खपत ?

अमूमन सामान्य मौसम में घरों में बिजली की खपत 300 से 350 यूनिट तक होती है, लेकिन गर्मी के मौसम में घरों में एसी, कूलर, पंखे लगातार चलाने की वजह से बिजली की खपत करीब 400 से 500 यूनिट तक पहुंच जाती है. जिसकी वजह से बिजली का बिल भी काफी ज्यादा आता है. बीते 5 महीने की बात की जाए तो जनवरी और फरवरी माह में पूरे प्रदेश में 40 से 50 लाख यूनिट बिजली की खपत हुई.मार्च और अप्रैल महीने में यह बढ़कर 80 लाख से 90 लाख यूनिट के बीच पहुंच गई.सिर्फ मई महीने में ही एक करोड़ 10 लाख यूनिट बिजली की खपत अब तक हुई है. हालांकि पिछले साल मई महीने में एक करोड़ 40 लाख यूनिट के आसपास बिजली की खपत हुई थी. उसकी तुलना में इस साल मई के महीने में करीब 30 लाख यूनिट बिजली की खपत कम हुई है।

## गांव तो गांव शहरों में भी लाईट गुल...

नवतपा के साथ छत्तीसगढ़ का पारा 40 डिग्री पार हैं मंगलवार को तो मुंगेली का पारा लगभग48 डिग्री का भी आंकड़ा पारा कर दिया ऐसे में लोगो की परेशानी बिजली की आँख मिचौली से भी बढ़ गई है, गांव के बाद शहरों में भी लोगो को बिजली की कटौती का सामना करना पढ़ रहा है, बिलासपुर, बेमेतरा,कवर्धा,अम्बिकापुर जैसे शहरों के लोग हलाकान हैं।

## शराब घोटाले मामलें में अनवर ढेबर समेत 3 आरोपियों रिमांड बढ़ी

**रायपुर,30 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी, अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को आज कोर्ट में पेश किया गया. यहां सुनवाई के बाद चारों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया. बता दें कि आज ही चारों की 14 दिन की न्यायिक रिमांड खत्म हुई थी, जिसके बाद कोर्ट में पेश किया था. कोर्ट ने फिर 14 की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया. बता दें कि ईडी ने अनवर ढेबर को 2 हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाला का दोषी बताया था।



पूछताछ के बाद ईडी ने रायपुर निवासी कारोबारी अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया. ईडी ने मई महीने में अनवर ढेबर को अरेस्ट किया और कहा कि साल 2019 से 2022 तक 2000 करोड़ का अवैध धन शराब के जरिए कमाया, जिसे दुबई में अपने साथी विकास अग्रवाल के जरिए खपाया. ईडी की ओर से कहा गया कि अनवर ने अपने साथ जुड़े लोगों को परसेंटेज के मुताबिक पैसे बांटे. इसके बाद इस मामले में आबकारी विभाग के अधिकारी एपी त्रिपाठी, कारोबारी त्रिलोक ढिल्लन, नितेश पुरोहित और अरुनपति त्रिपाठी को भी गिरफ्तार किया गया था. शराब घोटाला मामले में अब तक प्रदेश में कुल 180 करोड़ की संपत्ति अटैच की जा चुकी है।

## 8 साल की बच्ची से रेप

### » युवक गिरफ्तार, बच्ची पड़ोसी के घर गई थी खेलने
### » कमरे में ले जाकर किया दुष्कर्म




**जगदलपुर,30 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में 8 साल की बच्ची से उसके पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने रेप किया है। बताया जा रहा है कि बच्ची युवक के घर खेलने गई थी, तभी युवक उसे कमरे में लेकर गया। जहां दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। बच्ची ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

## मुख्यमंत्री ने किया मृतकों को 5-5 लाख देने का ऐलान



**रायपुर,30 मई 2024(ए)।** खमतराई स्थित एक फोम फेक्ट्री में लगी आग से हुई दो महिलाओं के मौत के मामले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों के लिए पांच-पांच लाख रुपए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उन्होंने लिखा है कि रायपुर के खमतराई स्थित एक फोम फैक्ट्री में आग लगने से दो महिला कर्मचारियों की मृत्यु होने का हृदय विदारक समाचार मिला है। मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के आदेश दे दिए गए हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करता हूँ। ?



## सरकारी आवास में रेंजर का शव मिलने से वन अमले में हड़कंप

**गरियाबंद,30 मई 2024(ए)।** . सरकारी आवास में रेंजर का शव मिलने से वन अमले में हड़कंप मच गया है। विभाग के कर्मचारियों को रेंजर भारत भूषण दास बंद कमरे में पड़ा मिला। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। यह मामला गरियाबंद वन मंडल का है. मिली जानकारी के मुताबिक,रेंजर भारत भूषण दास वन विभाग कैंपस में सरकारी आवास में रहता था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सुबह मृतक का पोस्टमार्टम होगा, जिसमें मौत की वजह का पता चल पाएगा।

## बेमेतरा बारूद फैक्ट्री ब्लास्ट मामले में एफआईआर दर्ज



**बेमेतरा,30 मई 2024(ए)।** बेरला स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी में 25 मई को हुए भीषण विस्फोट के मामले में अंततः पुलिस ने घटना के 4 दिन बाद एफआईआर दर्ज कर लिया है। यह एफआईआर सरकार की तरफ से उप निरीक्षक मयंक मिश्रा ने दर्ज कराया है। मिश्रा कंडरका पुलिस चौकी के प्रभारी हैं। स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी कंडरका पुलिस चौकी से करीब 19 किलो मीटर दूर है। ब्लास्ट मामले में यह एफआईआर 29 मई शाम 7 बजे दर्ज की गई है। इसमें कंपनी प्रबधन से जुड़े एक व्यक्ति को नामजद करते हुए अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने अपने एफआईआर में जिस एक व्यक्ति को नामजद आरोपी बनाया है उनका नाम अवधेश जैन है। एनआईटी, रायपुर से बीई (खनन) करने वाले जैन कंपनी के डायरेक्टर हैं। पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार घटना 25 मई सुबह करीब 7 बजे की है। घटना में घायल 7 लोगों का ईलाज के लिए रायपुर भेजा गया था, जिसमें से एक व्यक्ति राम साहू (50) की मौत हो गई। वहीं, घटना के बाद से 8 लोगों के गायब हैं। पुलिस ने इस मामले में मर्ग और गुम इंसान पहले ही कायम कर लिया था। अब अवैध जैन सहित अन्य के खिलाफ धारा 286, 337, 304 (ए) के साथ ही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 9बी और 9सी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## राइस मिलर्स के ठिकानों पर पहुंची ईडी



**रायपुर,30 मई 2024(ए)।** कस्टम मिलिंग घोटाले की ईडी पड़ताल कर रही है। इस कड़ी में गुरुवार को ईडी ने खरोरा के एक राइस मिलर के यहां दबिश दी है। मिलर कांग्रेस के एक नेता के रिश्तेदार बताए जाते हैं। ईडी ने प्रदेश में कस्टम मिलिंग घोटाले की जांच तेज कर दी है। कुरूद के राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारी रोशन चंद्राकर से ईडी पहले ही पूछताछ कर रही है। रोशन चंद्राकर ईडी की रिमांड में है। इन सबके बीच ईडी की टीम गुरुवार को खरोरा के राइस मिलर के यहां दबिश दी। सूत्रों के मुताबिक मिलर के यहां पहले भी ईडी जा चुकी है, लेकिन आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई। मगर इस बार कुछ ठोस जानकारी मिलने के बाद खरोरा स्थित निवास पर पहुंची है। कहा जा रहा है कि राइस मिलर को हिरासत में ले सकती है। पूछताछ जारी है।

## छत्तीसगढ़ वासियों को गर्मी से जल्द मिलेगी राहत

### » भारत में मानसून ने दी दस्तक, प्रदेश में जल्द बरसेंगे बादल

**रायपुर,30 मई 2024(ए)।** देशभर में आज गुरुवार को नौतपा का छठवां दिन है। छत्तीसगढ़ में बुधवार का तापमान 47 डिग्री तक रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने प्रदेश में लू की चेतावनी भी जारी कर दी है। इसी बीच प्रदेशवासियों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है।मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक,प्रदेशवासियों को जल्द ही गर्मी से राहत मिलने वाली है। भारत में आज मानसून की एंट्री हो चुकी है। इसलिए अब छत्तीसगढ़ में भी जल्द ही बारिश के आसार बन रहे हैं। ढ्ढरूष्ठ के अनुसार, इस साल समय से 2 दिन पहले ही मानसून केरल के रास्ते भारत पहुंच चुका है। इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में 11 तारीख तक मानसून दस्तक देगा। इससे पहले मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया था, कि देश के मानसून की 31 मई से हो सकती है। केरल में मानसून के दस्तक देते ही अन्य राज्यों में भी इसकी शुरुआत हो जाएगी। वहीं छत्तीसगढ़ में मानसून को लेकर भी बड़ा अपडेट आया है। इस बार छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री 13 जून को हो जाएगी। लेकिन मानसून ने 2 दिन पहले ही देश में दस्तक दे दी है, इसलिए प्रदेश में भी दो दिन पहले ही बारिश की आशंका जताई जा रही है। इस बार पिछले से अच्छी बारिश होने की भी उम्मीद है। यह मानसून किसानों के लिए काफी बेहतर हो सकता है। 106 फीसदी तक बारिश होने का पूर्वानुमान है।



## अब निलंबित एआईएस समीर बिश्नोई और सूर्यकांत तिवारी की ईओडब्ल्यू ने 3 जून तक ली रिमांड

**रायपुर,30 मई 2024(ए)।** कोल घोटाले मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव रहीं निलंबित राप्रसे सौम्या चौरसिया को रिमांड पर लेकर ईओडब्ल्यू पूछताछ कर रही है। अब ब्यूरो ने एक और निलंबित आईएएस समीर बिश्नोई और घोटाले के किंग-पिंग कहे जा रहे सूर्यकांत तिवारी को 3 जून तक रिमांड में लिया है। दोनों को गुरुवार को प्रोडक्शन वारंट में ब्यूरो की टीम कोर्ट लेकर आई। यहां दोनों की रिमांड ली गई। अब चारों को एक साथ बैठाकर पूछताछ की जाएगी। इन चारों के अलावा दोनों महिला अफसरों के भाई भी मौजूद रहेंगे, जिन्हें कुछ दिनों पहले ईओडब्ल्यू की टीम ने गिरफ्तार किया है।कोल लेवी घोटाले के संबंध में ब्यूरो की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। पहले इन सभी से जेल में जाकर पूछताछ की गई। लेकिन, अब सभी जिम्मेदारों को ब्यूरो ने रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की। पिछले गुरुवार ही दोनों महिला अफसरों को ब्यूरो ने रिमांड पर लिया था। 27 मई तक की दोनों की रिमांड मिली थी। इन्हें 27 मई को दोबारा पेश किया गया और अब 3 जून तक की रिमांड ली गई है। रानू साहू और सौम्या चौरसिया से पूछताछ में जो तथ्य सामने आए हैं, वे सूर्यकांत और समीर बिश्नोई से जुड़े हुए हैं। इसलिए दोनों को रिमांड पर लिया जा रहा है। दोनों को गुरुवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। ईओडब्ल्यू ने प्रोडक्शन वारंट के लिए कोर्ट में आवेदन लगाया था। कोर्ट ने आवेदन का स्वीकार कर लिया, जिसके बाद दोनों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया।



## रायपुर में यातायात आरक्षक की संदिग्ध मौत

**रायपुर,30 मई 2024(ए)।** रायपुर में यातायात आरक्षक की संदिग्ध मौत हो गई है। ड्यूटी करने जा रहे जवान भागीरथी कंवर ने दम तोड़ दिया। वो भनपुरी यातायात थाना में पोस्टेड था। वहीं बिलासपुर में महिला की मौत हो गई है। सरगांव के वार्ड क्रमांक-14 स्थित घर के आंगन में महिला चक्कर खाकर बेहोश हो गई थी। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भीषण गर्मी को देखते हुए छत्तीसगढ़ में सारे समर कैंप स्थगित कर दिए गए हैं। सभी जिलों के कलेक्टर्स को आदेश जारी कर दिया गया है। बता दें कि नौतपा का आज 6वां दिन है। छत्तीसगढ़ में भी भीषण गर्मी पड़ रही है। बुधवार से प्रदेश के ज्यादातर जिलों में शाम 7 बजे के बाद भी गर्म हवाएं चल रही हैं। हालांकि आसमान में कुछ जगहों पर बादल भी छाए हुए हैं। रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में रात का तापमान 31 डिग्री के पार रहा। जिससे गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे। वहीं, ओवरहीट की वजह से बिलासपुर में अलायंस एयर ने फ्लाइट पर लगेज ले जाने पर रोक लगा दी है।



## कोटवार ने महिला को ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने की कोशिश की



**बिलासपुर,30 मई 2024 (ए)।** बिलासपुर के तखतपुर इलाके में ग्राम कोटवार की गुंडागर्दी का वीडियो सामने आया है। जमीन पर कब्जा करने को लेकर कोटवार ने महिला को ट्रैक्टर से कुचल दिया, साथ ही जमकर मारपीट भी की। वीडियो साफ-साफ मारपीट और ट्रैक्टर से कुचलने का मंजर देखा जा सकता है। महिला को गंभीर हालत में बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद परिजन और गांववालों ने कोटवार वीरेंद्र रजक की जमकर पिटाई की। आक्रोशित लोगों ने घटना को लेकर तखतपुर थाने का घेराव भी कर दिया। प्रदर्शन के बाद पुलिस ने कोटवार वीरेंद्र रजक के खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज कर लिया है।

## छत्तीसगढ़ में मंत्रियों की आईआईएम में लगेगी क्लास



### » सीखेंगे गुड गवर्नेंस के गुर

**रायपुर,30 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के मंत्री लोकसभा चुनाव का परिणाम आने से ठीक पहले आईआईएम रायपुर में आयोजित 'चिंतन शिविर' में भाग लेने जा रहे हैं। दो दिन के इस शिविर में देश के उच्च संस्थानों के विषय विशेषज्ञों का लेक्चर होगा। टाइम टेबल के मुताबिक 31 मई से 1 जून को आयोजित शिविर में राज्य के सभी मंत्री एक रात आईआईएम में ही रहेंगे।

## निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने दिया बड़ा बयान



**रायपुर,30 मई 2024(ए)।** निजी स्कूलों में ड्रेस, पुस्तक और कार्यक्रम के नाम राशि लिए जाने की जांच की जाएगी. मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के निजी स्कूलों की जांच की जाएगी. स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि निजी स्कूलों का कार्यक्रमों, पुस्तकों और ड्रेस के नाम पर राशि लिया जाना गलत है. इस पर जांच और कार्रवाई भी की जाएगी। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा कि निजी स्कूल अगर नियम, कानून का उल्लंघन करते हैं तो कार्रवाई होगी. बता दें कि इस मामले में जांच की मांग लंबे समय से की जा रही है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)